

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण


नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 337 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 27 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## वो दिन गए, जब कुछ देश तय करते थे एजेंडा...

### UNGA में गरजे विदेश मंत्री जयशंकर, आतंकवाद पर भी प्रहार

**समाज जागरण**



न्यूयॉर्क. पश्चिमी देशों पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि कुछ देशों द्वारा एजेंडा तय करने और दूसरों से उसके अनुरूप होने की उम्मीद करने के दिन अब खत्म हो गए हैं. संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र की आम बहस में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि कूटनीति और बातचीत ही एकमात्र प्रभावी समाधान हैं.

जयशंकर ने कहा, 'आधुनिकता को आत्मसात करने वाले सभ्यतागत राज्यतंत्र के रूप में हम परंपरा और प्रौद्योगिकी दोनों को विश्वास के साथ समान रूप से संग लाते हैं. यही मेल आज इंडिया को परिभाषित करता है जो भारत है.'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस महीने के पूर्वार्द्ध में भारत की मेजबानी में दिल्ली में हुए जी20 के शिखर सम्मेलन में भारत के नेता के रूप में संबोधित किया गया था. सरकार ने विभिन्न आधिकारिक जी20 दस्तावेजों में देश के नाम के रूप में भारत का उल्लेख किया.

## इन्द्र पूजा को लेकर बना चन्द्रयान3 के तर्ज पर बना पण्डाल

**समाज जागरण**

**जयनगर नित्यानंद झा राजू**




**जयनगर** कमला रोड स्थित कमला बांध पर बना इन्द्र पूजा का पण्डाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इन्द्र पूजा समिति के निदेशानुसार इस पण्डाल का निर्माण अमन टेंट हाउस दुल्लीपट्टी ने किया है। इन्द्र पूजा समिति के संरक्षक अशोक पासवान ने बताया कि चन्द्र यान 03 की चन्द्रमा के दक्षिणी भाग पर सफल लैंडिंग को देखते हुए इस बार इन्द्र पूजा समिति ने चन्द्र यान 03 के मोडल पर इन्द्र पूजा का पण्डाल बनाने का निर्णय लिया है। चन्द्र यान 03 के डिजाइन का पण्डाल जहाँ क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है।

## 7 सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़वाकर BJP ने खेला मध्यप्रदेश में बड़ा सियासी दांव ?

**नई दिल्ली.** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 3 केंद्रीय मंत्रियों समेत 7 सांसदों को टिकट देकर चौंका दिया है. इसमें मुरैना की दिमनी सीट से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, सतना से सांसद गणेश सिंह, सीधी से सांसद रीती पाठक, जबलपुर पश्चिम से सांसद राकेश सिंह, गडरवारा से सांसद उदय प्रताप सिंह, नरसिंहपुर से केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और निवास सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को विधानसभा टिकट दिया गया है.

भाजपा की इस सूची में केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के शामिल होने से चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है. इस सूची के सामने आने के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं तो इसे 2024 के पहले का सेमीफायनल भी कहा जा रहा है. दिग्गजों के चुनाव मैदान में आने से कार्यकताओं में जोश बढ़ गया है. वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की सूची पर लोगों की उत्सुकता बढ़ गई है. जानकारों का कहना है कि केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के चुनाव लड़ने से आसपास की सीटों पर भी प्रभाव पड़ेगा.



### इस तरह का रहा है इन सीटों का इतिहास

मुरैना की दिमनी सीट जहां से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर बीजेपी के उम्मीदवार हैं; में बीजेपी पहले कई बार जीत चुकी है. 1980 से 1993 तक इस सीट पर बीजेपी का कब्जा रहा. लेकिन 1993 में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी. 1998 से 2013 तक यह सीट बीजेपी के कब्जे में रही जबकि इसके बाद 2013 में यह सीट बहुजन समाजवादी पार्टी और फिर 2018 में कांग्रेस और 2020 के उपचुनाव में कांग्रेस के खाते में गई थी.

### जबलपुर पश्चिम में कांग्रेस को मिलेगी बड़ी चुनौती

जबलपुर पश्चिम की बात करें तो 1990 से 2013 तक यह सीट बीजेपी के खाते में थी लेकिन 2013 से अब तक इस सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की और यहां से तरुण भनोट 2013 से अभी तक विधायक हैं.

गाडरवारा से 2018 में सुनीता पटेल विधायक बनी जो कि कांग्रेस की सदस्य है.

नरसिंहपुर से एक भाई का टिकट काटा और दूसरे भाई को दिया 2018 में नरसिंहपुर से जालम सिंह पटेल विधायक हैं जो बीजेपी के हैं. उनके बदले प्रह्लाद पटेल को वहां से टिकट दिया गया है. जालम पटेल प्रह्लाद पटेल के भाई है. इसके अलावा जबकि निवास सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को टिकट दिया गया है जहां 2018 से कांग्रेस के अशोक मर्सकोले विधायक हैं.

सतना और सीधी में सांसदों को टिकट देकर डेमैज कंट्रोल किया

सतना की सीट पर भी 2003 से 2018 तक बीजेपी का कब्जा रहा है. लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा ने जीत हासिल की. अगर सीधी सीट की बात करें तो यह सीट 2008 से बीजेपी के कब्जे में है और 2008 से अभी तक केदारनाथ शुक्ला पार्टी के विधायक रहे हैं. माना जा रहा है कि पेशाब कांड विवाद के कारण उनका पार्टी ने टिकट काट दिया.

## समग्र जीवन दर्शन है श्रीमद्भागवत कथा : योगी आदित्यनाथ

### युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत कथाका शुभारंभ

**समाज जागरण**



गोरखपुर, 26 सितंबर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा न केवल एक कथा है अपितु समग्र जीवन दर्शन है। इस संसार में कर्म के फल से ही सुख-दुख प्राप्त होता है। कर्म से यदि स्वर्ग भी प्राप्त होता है तो वह भी नित्य नहीं है। जब तक पुण्य है तभी तक स्वर्ग भोग करेंगे। जब पुण्य छीण होगा तो पुनः मृत्यु लोक में आना पड़ेगा। ऐसे में इस आवागमन के चक्र से मुक्ति का मार्ग बताने वाली कथा श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा है, जो जीव को मुक्ति दिलाती है।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार अपराह्न श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ प्रतिवर्ष श्रीराम कथा अथवा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करती है। इस वर्ष हमारे बीच में श्रीमद्भागवत कथा के विश्व विश्रुत विद्वान भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज उपस्थित हैं। व्यासपीठ की पूजा करने व आरती उतारने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कथा सबसे पहले इसी उत्तर प्रदेश की भूमि नैमिषारण्य में सुनाई गई थी। इस कथा को लोग सुनते हैं और जानते हैं कि यह हमारे पूर्वजों की कथा है। यह हमारी संस्कृति की कथा है।इसमें भगवान की लीला का वर्णन है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन के दायित्व के साथ-साथ धर्म का आचरण करना और प्रभु की लीला का श्रवण करना चाहिए। क्योंकि कहा गया है, जहां धर्म होता है, वहीं विजय भी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों ने सनातन धर्म की उपेक्षा की तथा कथा को काल्पनिक बताया । पर, वर्तमान सरकार बनाने के बाद आज धार्मिक स्थलों का पुनुरुद्धार हो रहा है जो 19 47 में ही हो जाना चाहिए था।



मुख्यमंत्री के संबोधन के उपरांत श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास वृंदावन मथुरा से पधारे भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री 'ठाकुर जी' ने कराया। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक सुनाई जाएगी। इसका विराम हवन एवं भंडारे के साथ 2 अक्टूबर को होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ से पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मुख्य मंदिर से कथा स्थल तक बैंडबाजे, शंख ध्वनि की गूंज तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने अखंड ज्योति स्थापित की। इस अवसर पर महंत सुरेश दास, राघवाचार्य, अवधेश दास, दासलाल जी, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, संतोष दास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


आकर्षक आ-ॅफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm


### मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट 5 दिनों तक सस्पेंड, राज्य के सभी स्कूल 27 और 29 सितंबर को बंद

इम्फाल. इम्फाल घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर मंगलवार को पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के कुछ घंटे बाद मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया. इम्फाल घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया, जिसमें 45 से अधिक छात्र घायल हो गए.

## किसानों से दुश्मनी लेकर न कोई सरकार बन सकती है और न चल सकती है - किसान!

### बुद्धा रिजॉर्ट औरंगाबाद में किसान संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण,**
**अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ**
**बिहार- झारखंड प्रदेश**

### भ्रष्ट अफसरों, सरकारों तथा एनएचएआइ द्वारा किसानों को प्रताड़ित करने के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का हुआ ऐलान।

बुद्धा रिजॉर्ट औरंगाबाद में किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसान नेता वीरेंद्र पांडे की अध्यक्षता में भूमि अधिग्रहण से पीड़ित संघर्षरत किसानों की बैठक हुई जिसका संचालन विकाश कुमार सिंह ने किया ।इस बैठक में उपस्थित किसानों को प्रदेश के पूर्व मंत्री सह किसान नेता अखलाक अहमद , भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह जिला परिषद प्रतिनिधि सुबोध कुमार सिंह ने संबोधित किया।

यह बैठक 9 अक्टूबर को किसानों के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत के प्रस्तावित कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजित थी। किसान नेता राकेश टिकैत इस यात्रा के दौरान बिना उचित मुआवजा दिए किसानों की जमीन हड़पने और भ्रष्ट अफसरों द्वारा किसानों को प्रताड़ित करने के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान करेंगे।

श्री टिकैत औरंगाबाद के गांधी मैदान में 9अक्टूबर को किसान शंखनाद आंदोलन का बिगुल फुकेंगे जहां भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों को प्रशासनिक उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अखलाक अहमद ने कहा कि भारत सरकार की परियोजनाओं में केंद्र को पैसा देना है और पेट में ममोरे नीतीश कुमार की सरकार और उसके संपोषित भ्रष्ट अफसरों को उठ रहा हैं। आखिर बात क्या है इसके भी जल्द खुलासे होंगे। बिहार का किसान और मजदूर सिर्फ रिश्वत का रेट तो तय कर नहीं कर सका, दिन दुना और रात चौगुना बढ़ता ही जा रहा है और वह चला है किसानों की जमीन



प्रतिकूल परिस्थितियों में अनाज ही पैदा करना नहीं जानते बल्कि अपने दुश्मनों को धूल चटाना भी जानते हैं।

श्री अहमद ने कहा कि किसानों से दुश्मनी लेकर न कोई सरकार बन सकती है और न चल सकती है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों को मुआवजा मौजूदा दर से चार गुना अधिक दिए बगैर काम लगाने की गलती नहीं करे। भ्रष्ट अफसर आज तक अपने का दर तय करने। सिर्फ किसान ही जानता है कि मौजूदा समय में जमीन का रेट क्या है।

बैठक में किसान नेता संजीव सिंह ,रमाकांत पांडेय, मनोज सिंह, भीम सिंह, राजकुमार सिंह, अभय सिंह, सतीश सिंह, नकुल जी आदि ने भी अपने विचारों को रखा तथा 9 अक्टूबर के कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विनय सिंह, उमा कांत सिंह, रवि दुबे, अमरेश दुबे, कमला सिंह, जगत सिंह, अनिल सिंह, संतोष कुमार गौतम , पैक्स अध्यक्ष साधु जी , पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह तथा अन्य किसान उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के लिए राखी गिफ्ट, सपनों के पूरे होने की गारंटी....अहमदाबाद में बोले PM मोदी

अहमदाबाद. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे में मंगलवार शाम को अहमदाबाद पहुंचे. एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल सहित तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. यहीं एयरपोर्ट के पास पीएम मोदी नारी शक्ति वंदन- अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए. पीएम मोदी ने रोड शो भी किया. वे खुली जीप में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. यहां भारी भीड़ उमड़ी. पीएम मोदी ने भी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया.

### घर से लेकर संसद तक के फैसलों में गुजरात के अनुभवों की बड़ी भूमिका

पीएम मोदी ने कहा कि विधानसभा से लेकर लोकसभा तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, ये मोदी की गारंटी है. ये सपना वर्षों पहले हमने और आपने गुजरात की धरती पर एक साथ देखा था. हमने गुजरात में परिवार, समाज और राज्य तीनों स्तरों पर महिला सशक्तिकरण के कई कार्यक्रम चलाए. गुजरात स्थानीय निकायों में महिलाओं 50 प्रतिशत आरक्षण है. हमने तय किया था कि जिन पंचायतों में प्रधान महिला का आरक्षण होगा, वहां अतिरिक्त बजट दिया जाएगा. आज देश में घर से लेकर संसद तक जो फैसले हो रहे हैं, उनमें गुजरात के अनुभवों की बड़ी भूमिका है. गुजरात पुलिस समेत सभी सरकारी भर्ती में 33 फीसदी का आरक्षण है. डेयरी में 35 लाख से ज्यादा महिलाएं भागीदारी कर रही है.

### जब देखा कि सरकार मानने वाली नहीं है तो विपक्ष को मनमार कर समर्थन देना पड़ा

पीएम मोदी ने कहा कि एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा है. ये आपका सामर्थ्य है. उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले इन लोगों ने आपकी ताकत को कमजोर करने का पैंतरा चला; किंतु परंतु लगा रहे थे. जब देख लिया कि ये सरकार मानने वाली नहीं है संसद के अंदर क्या हो रहा है तो मन मार कर समर्थन देना पड़ा.

ये मोदी की गारंटी है कि महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े


पीएम मोदी ने कहा कि विधानसभा से लेकर लोकसभा तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, ये मोदी की गारंटी है. ये सपना वर्षों पहले हमने और आपने गुजरात की धरती पर एक साथ देखा था. हमने गुजरात में परिवार, समाज और राज्य तीनों स्तरों पर महिला सशक्तिकरण के कई कार्यक्रम चलाए.

# मप्र विधानसभा चुनाव

## सप्तऋषियों को दांव पर लगाने की विवशता

**दैनिक समाज जागरण**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए सचमुच 2018 के चुनावों की ही तरह एक गंभीर चुनौती हैं,इस बात का प्रमाण भाजपा द्वारा जारी प्रत्याशियों की दूसरी सूची से प्रमाणित हो गयी है। एक तो भाजपा नेतृत्व को दूसरी सूची जारी करने में पूरे दो महीने लग गए और जब सूची आयी भी तो उसने किसी को चौंकाया नहीं,क्योंकि सबको पता था कि भाजपा इस बार चुनावी मैदान मारने के लिए अपने तमाम वर्तमान सांसदों को भी मैदान में उतारेगी। इस बात में चौंकाने वाली बाते सिर्फ इतनी है कि भाजपा को अपने अनेक केंद्रीय मंत्री तक दांव पर लगाना पड़े हैं। जिन सांसदों को पहली सूची में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया है उन्हें भाजपा का ' सप्तऋषि ' कहा जाता है।

किसी भी राजनितिक दल द्वारा अपने वर्तमान सांसदों को विधानसभा चुनावों में उतारना कोई नया प्रयोग नहीं है ,किन्तु जिन हालात में भाजपा को ये सब करना पड़ा है उसे समझा जा सकता है। भाजपा की मप्र इकाई में इस समय भयानक असंतोष और बिखराव है ,ऐसे में सांसदों का इस्तेमाल भाजपा नेतृत्व की विवशता कही जा सकती है।

मध्यप्रदेश में जिन 07 सांसदों को मोर्चे पर भेजा गया है उनमने से एक केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक जमाने में भाजपा की शिवराज सिंह चौहान के ' संकटमोचक ' माने जाते थे। पार्टी में जब-जब संकट आया इन दोनों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आगे बढ़कर मदद की थी। मजे की एक बात ये भी है कि जिन सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया है उनमने से नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय ,प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते का नाम अनेक बार शिवराज सिंह चौहान के विकल्प के रूप में भी उछला ,किन्तु इन चारों के भाय में शायद मुख्यमंत्री बनना लिखा नहीं था ,सो हर बार फैसला टल गया और शिवराज सिंह चौहान साफ बच गए।

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुरैना जिले की सबसे आसान माने जाने वाली दिमनी सीट से प्रत्याशी बनाये गए है। ये पहले सुरक्षित सीट थी और लम्बे आरसे तक भाजपा के कब्जे में रही । बाद में इस सीट से बसपा और कांग्रेस भी जीती। कैलाश विजयवर्गीय को भी इंदौर -1 सीट से प्रत्याशी बनाया गया है ,उनके लिए भी ये सीट जीतना आसान काम है । इन दोनों नेताओं को शायद ये आसान सीटें इसलिए दी गयीं ताकि ये दोनों पूरे प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए समय दे सके । तोमर तो प्रदेश भाजपा चुनाव अभियान समिति के प्रमुख भी हैं। वे लम्बे समय से प्रदेश की राजनीति में लौटने के लिए व्याकुल भी थे । कैलाश विजयवर्गीय की भी कमोवेश यही स्थिति है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भाई जालम सिंह पटेल का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह पर पार्टी ने उन्हें नरसिंहपुर से टिकट दिया है। यहां वंशवाद आड़े नहीं आया। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को भी भाजपा ने टिकट दिया है। वह निवास सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जबलपुर से सांसद राकेश सिंह को भी पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ा रही है। राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम सीट से टिकट दिया गया है।सासंद रीती पाठक को सीधी से पार्टी ने टिकट दिया है। सतना सांसद गणेश सिंह को बीजेपी ने सतना से ही टिकट दिया है। इसके साथ ही होशंगाबाद से सांसद उदय प्रताप सिंह को पार्टी गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा रही है। उनके नाम की घोषणा कर दी गई है।

भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची में 39 प्रत्याशी घोषित किये गए था । ये सभी वे सीटें थीं जो भाजपा पिछले विधानसभा चुनावों में हार गयी थी । इन प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जो गर्द-गुबार पार्टी के भीतर उठना था वो उठकर शांत हो चुका है। दूसरी सूची तैयार करने में भाजपा को पसीना आ गया और पूरे दो महीने लगे। दूसरी सूची में सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बाते ये है कि इसमें सबसे ज्यादा असंतुष्ट पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती का नाम दूर-दूर तक नहीं है । उनके विकल्प के रूप में प्रह्लाद पटेल को आगे लाया गया है। पार्टी के इस फैसले से जाहिर है की अब उसे उमा भारती की न जरूरत है और न कोई परवाह। उमा भारती अपनी ही सरकार के खिलाफ खड़ी होती रहीं है। पहले उनकी खिलाफत शिवराज सिंह सरकार के विरोध तक सीमित थी किन्तु अब नारी शक्ति वंदन विधेयक में पिछड़ों को आरक्षण की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। उमा भारती को इसकी सजा फौरन मिल भी गयी है।

भाजपा ने सुश्री उमा भारती को शून्य करने के लिए पिछले महीने ही उनके भतीजे को उनकी सहमति के बिना प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया था। पार्टी ने इतनी कृपा जरूर की की पिछोर सीट से उनके धर्म भाई प्रीतम लोधी को विधानसभा का टिकिट दे दिय। उमा जी अपने कम से कम दो दर्जन समर्थकों के लिए टिकिट मांग रहीं थी। दूसरी सूची में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी न आना चौंकाने वाला समझा जा रहा है। अन्यथा उनका नाम बुधनी से घोषित करने में कोई तकनीकी बाधा है ही नहीं। शिवरज सिंह इस सीट से ही प्रदेश की राजनीति में आये थे। लेकिन भाजपा कोई बात भाजपा ही जाने।

भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची में केंद्रीय मंत्री और भाजपा की महाराज इकाई के प्रमुख ज्योतिरादित्य सिंधिया की समर्थक पूर्व मंत्री इमरती देवी का टिकिट चौंकाने वाला जरूर है । वे कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने के बाद हुए उप चुनाव में हार गयीं थीं,भाजपा की स्थानीय इकाई भी इमरती के खिलाफ थी ,किन्तु सिंधिया अपने नवरत्नों में से एक इमरती के लिए टिकिट पाने में कामयाब रहे । उन्होंने अपने एक और समर्थक मोहन सिंह राठौर को भी भितरवार सीट से टिकिट दिलवाए दिया। हालांकि इस सीट पर भाजपा के ही अनेक खांटी नेताओं की नजर थी । राठौर एक कमजोर प्रत्याशी हैं। सिंधिया की इस कामयाबी के अलावा उन्हें तोमर,पटेल और विजयवर्गीय की तरह विधानसभा के मैदान में न उतारकर भी भाजपा नेतृत्व ने संकेत दे दिया है कि वे केंद्रीय राजनीति के पात्र हैं। उनका मध्यप्रदेश की राजनीति में उतना ही दखल रहेगा जितना की एक केंद्रीय मंत्री का होना चाहिए।

आपको याद होगा कि 2018 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 230 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत से दो कम 114 सीटें मिलीं थीं। वहीं, बीजेपी के खाते में 109 सीटें आई थीं, वहीं बसपा को दो जबकि अन्य को पांच सीटें मिली थीं। तब कांग्रेस ने बसपा, सपा और अन्य का साथ लेकर सरकार बनाई थी और 15 साल बाद राज्य में सत्ता पाई कमलनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक कांग्रेस की सरकार चली। लेकिन 15 महीने पूरे होते-होते कमलनाथ सरकार की सत्ता से विदाई तय हो गई और ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में में कांग्रेस के दो दर्जन विधायक भाजपा के साथ हो गए और फिर बीजेपी ने सत्ता में वापसी की. शिवराज सिंह चौहान फिर मुख्यमंत्री बन गए थे ।

भाजपा की दूसरी सोची के बाद जो तीसरी सूची आएगी उसमें अनेक मौजूदा मंत्रियों के नाम काटने की आशंका जताई जा रही है । इसीलिए शायद उन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अब तक नहीं की गयी है। पिछले दिनों भोपाल में भाजपा के महाकुम्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मुद्रा से ये अनुमान लगाया जा रहा है कि वे मुख्यमंत्री शिवराज की कार्यशैली से शायद खुश नहीं है। उन्होंने इतनी बड़ी रैली में न शिवराज सिंह चौहान का नाम लिया और न उन्हें अगली बार के मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत किया। बहरहाल ये प्रधानमंत्री जी कि अपनी अदा है । उनके मन की बात सिर्फ वे ही जानते हैं। तीसरी सूची में अनेक वर्तमान सांसदों कि जगह उनके परिजनों को चुनाव मैदान में मौका दिया जा सकता है।

इस अब तक आयी दोनों सूचियों की एक खास बात ये है कि अभी तक भाजपा के नेताओं की दूसरी पीढ़ी यानि उनके बाल-बच्चों को विधानसभा के लिए प्रत्याशी नहीं बनाया गया है ,जबकि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व संसद प्रभात झा ,पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह ,पूर्व मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे ,सांसद विवेक शेजवलकर ,खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसे तमाम नेता अपने-आपने बेटे-बेटियों के लिए विधानसभा चुनाव का टिकिट चाहते हैं और खुद पीछे हटने के लिए तैयार हैं ,किन्तु उनके प्रस्तावों पर पार्टी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। पार्टी ने विपक्ष के नेता डॉ गोविंद सिंह के खिलाफ अबकी एक मजबूत उम्मीदवार उतारा है लेकिन डॉ गोविंद सिंह को पराजित करना भाजपा के लिए आसान नहीं है।

**@ राकेश अचल**

## खुद को यूँ पाला है मैंने

कल्पनाओं के भवँर में डूब कर
एक मोती निकाला है मैंने,
बीते हुए लम्हों को फिर से
पुकारा है मैंने।

बातें कुछ अधकहि सी थी,
कहानी कुछ अनसुनी सी थी
अपने जीवन के सपनों को
हकीकत में ढाला है मैंने।

लोग अक्सर डर जाते हैं
हवा के हल्के झोकों से,
तूफानों से लड़ कर खुद को
यूँ पाला है मैंने।

आसान नही थे रास्ते
जीवन संघर्ष की राहों के।
हर हादसों से लड़ कर खुद को
हर परिस्थिति में ढाला है मैंने।
लोग परेशान होते हैं
मेरी मुस्कान को देख कर,
उन्हें क्या पता,आती हुई मौत को
कैसे टाला है मैंने।

**बिंदु अग्रवाल**
**गलगलिया, किशनगंज**
**बिहार**

# बैठकी "डरा रहें हो !!डरो मत ! डरो मत !"

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं उमाकाका बोल पड़े--"सरजी,ज्यों हीं इन विपक्षियों पर या इनसे जुड़े घोटालों के तारों पर इडी, सीबीआई या एनआईए का छापा पड़ता है कि हंगामा होने लगता है !मोदी सरकार,विपक्षियों को



डरा रही है,डरा रही है ! हम डरने वाले नहीं आदि,आदि !जबकि ये संस्थायें तो जहां गड़बड़ी देखेंगी या गड़बड़झाला हुई रहेगी वहीं न दस्तक देगी !!अगर ये लोग बेदाग हैं तो फिर डरना क्या !!"

लिजिये नये संसद भवन में राहुल गांधी को




बहस के दौरान सत्ता पक्ष की ओर इशारा करके, कहते सुना--"डरो मत,डरो मत" ! लगता है डरना डराना,एक सामान्य लफ्ज बन गया है !--पारसनेता मुस्कुराये !

और भी कुछ वाक्य वायरल है और वो हैं--संविधान खतरे में है !देश खतरे में है ! भारत का लोकतंत्र खतरे में है !अरे भाई,जो खतरे में है वो तो डरेगा हीं डरेगा !डरना भी लाजमी है !अब सवाल उठता है कि कौन खतरे में है !!--कुंवरजी रुके !

ए कुंवरजी,मोदीराज में वो खतरे में हैं जो आजादी के बाद दशकों तक,देश को लूटा है !खतरे में वे जरुर हैं जिसने देश को लूट कर,स्विस बैंक में खरबों,खरब जमाकर रखें हैं ! खतरे में वो हैं जिसने 55-60 बरसों तक गरीबी हटाओ का नारा लगाकर, गरीबों को गरीबी के हीं दोखज में रहने को मजबूर किया था ! खतरे में वे जरुर हैं जो जातिवादी और धर्म की राजनीति करके परिवारवाद को प्रश्रय दिये हैं !--डा.पिंटू तैश में लगे !

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमलोगों ने एक-एक कप उठाकर पुनः लाइन पर.....

कुंवरजी,मेरे ख्याल से तो खतरे में वो जरुर है जो विभाजन के बाद आरएसएस और हिंदू संगठन का डर दिखाकर मुसलमानों को बेवकुफ बनाया और उन्हें वोटबैंक बने रहने के लिए मजबूर किया !

कुंवरजी,खतरे में आज वो हैं जिन्होने ब्राम्हणवाद,ठाकुरवाद, बनियावाद,और मनुवादी की खायी खोदकर दलित, पिछड़ों और सवर्णों के बीच घृणा का फैलाव किया !मंडल और कमंडल के बीच समाज को बांट दिया !--उमाकाका हाथ चमकाये !

ए सरजी,मेरी सुनिये तो खतरे में न भारत है और न राष्ट्रवाद बल्कि खतरे में वे हैं जिन्होंने जन गण मन, से राष्ट्र-वाद को लड़ाया !खतरे में वो हैं जो इमर्जेंसी और तनाशाही का तीखा स्वाद चखाया !जिसने बेगुनाह जनता को जेलों में ठूसा !परिवार नियोजन के नाम पर लाखों हिंदू जवानों का जबरन नसबंदी की !खतरे में वें हैं जिसने बहुसंख्यक हिंदूओं के साथ विश्वासघात करके उसके हीं देश में उसे दोयम दर्जे का नागरिक बनने को मजबूर किया ! डरना उन्हें जरुर चाहिए जिसनें तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति करके राष्ट्र को थोखा दिया !-डा.पिंटू मुंह बनाये !

ए भाई लोग,रुउवा सब केकरा प अतना ब्लेम लगावतानी !!तनी खुल के बोलीं ! !हमरा त लागता कि एहिजा सभे केहु राष्ट्रवादिये बइठल बा !--मुखियाजी,हथेली पर खैनी रगड़ते हुए !

मुखियाजी, आजादी के 76-77 साल के अनुभव की विवेचना जरूरी है न ! !हां तो कह रहा था-आज खतरे में वे लोग हैं जिनकी विचारधारा से उबकर उनके हीं लोग, उनका साथ छोड़ते गये और दर्जनों राजनीतिक दलों ने जन्म ले लिया !खतरे में वैसे लोगों का रहना लाजमी है जिन्होंने प्लेट में रखकर तिब्बत,और लाखों हेक्टेयर जमीन तथा यूएनओ की स्थाई सदस्यता चीन को,पीओके पाकिस्तान को परोसा !--मास्टर साहब खाली कप टेबल पर रखते हुए !

ये सब क्या फालतु बातें वायरल की जा रहीं है !! भारत बिलकुल खतरे में नहीं है ! हजारों साल पहले शक आये,हुण आये लेकिन भारतीय संस्कृति ने उन्हें अपने में आत्मसात कर लिया !फिर यवन,मुगल और अंग्रेजों ने राज किया लेकिन भारत खतरे में नहीं था ! आजादी और बंटवारे के बाद, दोगली




राजनीति ने भारत को जरुर खतरे में डाला लेकिन आज, भारत का पताका, पुरे विश्व में लहरा रहा है !भारत हर क्षेत्र में प्रगति




के नये नये सोपानों की ओर अग्रसर है ! आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन चूके हैं ! हमारा प्रधानमंत्री विश्व का सबसे पॉपुलर नेता है !-- मैं चुप हुआ !

कुछ भी कहिये लेकिन इतना तो सत्य है कि डरो मत,डरो मत का शोर जरुर गुंज रहा है !लेकिन डरा कौन रहा है ! !शायद उन्हें लगता है कि वो खतरे में हैं !तभी तो वे अपनी मां अर्थात भारत माता की स-ाड़ी,विदेशों में दनादन फहराते दिखते हैं !मां की साड़ी फहराने वाले या तो मां के प्रति प्रेम,श्रद्धा नहीं रखते या मां से सिर्फ स्वार्थ का संबंध रखते हैं !स्वार्थ खत्म अर्थात सत्ता खत्म,तो श्रद्धा खत्म ! अब घर वापस आयेंगे तो माता के अन्य पुत्र कुटइया करेंगे !इसीलिए डरें हैं !हमें तो कोई खतरा नहीं दिखता !देश मजबूत नागरिकों और नेतृत्व के हाथों,पूर्णतः सुरक्षित है !आम जनता को तो कोई खतरा नहीं इसलिये जनता तो नहीं डरती यदि कोई देश के बाहर या भीतर चिल्लाये कि खतरा है,खतरा है ! तब तो सोचने वाली बात है कि जब आम आदमी, नहीं डरता तो ये लोग क्यों डरते हैं ! !जरुर दाल में काला है !!! फिर तो इनका डरना जरुरी है और चाहिए भी !--कुंवरजी अखबार एक ओर रखते हुए !

देखिये कुंवरजी, "जब डर लगे तो गाना गा" या फिर अपना "अकेलापन"खत्म करो !अकेलापन दूर करने के लिए दो-चार-दस-बीस,साथ हो लो !

ये एक मानवीय,मनोवैज्ञानिक स्वभाविक क्रिया है !कुछ लोगों का साथ होगा तो उत्तम है लेकिन सर्वोत्तम होगा तब जब, सभी डरे हुए लोग एक साथ आ जायें ! मेरा ये कथन प्रमाणित है ! जैसे.....छोड़िये !--कहकर उमाकाका हंस पड़े !

बस,बस अब बुझाइल ! रउवा लोग, विपक्षी गठबंधन "आई.एन.डी.आई.ए." प मजा लेतानी !अच्छा खुब भइल,अब चलल जाय !--कहकर मुखियाजी भी हंसते हुए उठ खड़े हुए और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

### 27 सितंबर विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष

# दुनियां में तेजी से बढ़ रहा है पर्यटन उद्योग

**दैनिक समाज जागरण**

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं। जिससे राजस्व की बढ़ोतरी होती है। घूमने का शौक रखने वाले नए-नए पर्यटन स्थलों की खोज में रहते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों को आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है।

आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द - गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लागे में ही मदद नहीं करता है। बल्कि यह किसी भी देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वैश्विक स्तर पर पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाते हैं। पहली बार विश्व पर्यटन दिवस 1980 में मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन ने की थी। 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खास वजह थी। इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन को मान्यता मिली थी। संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन की वर्षगांठ के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने का फैसला लिया गया। पर्यटन दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यटन के जरिए रोजगार को बढ़ावा देने, लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी देना है।

हर साल विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी दुनिया का कोई एक देश करता है। पिछले साल विश्व पर्यटन दिवस का मेजबानी इंडोनेशिया ने की थी। था। इस बार सऊदी अरब विश्व पर्यटन दिवस 2023 की मेजबानी कर रहा है। विश्व पर्यटन दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले सात की थीम पर्यटन पर पुनर्विचार थी। कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ है। इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस 2023 की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। विश्व पर्यटन दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूरिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। ताकि देशों को पर्यटन के लिहाज से एक दूसरे से जोड़ा जा सके। यात्रियों को अपने देश के अलावा विदेशी पर्यटक स्थलों के बारे में भी पता चले और वह दूसरे देश के पर्यटन के जरिए विदेशी संस्कृति को करीब से जान पाए।

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है।

विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वालों का मानना है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

वर्ष 2021 में विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की रिपोर्ट में 178.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व सकल घरेलू उत्पादन में अपने योगदान में छठे स्थान पर है। विदेशी मुद्रा के मामले में भारत के पर्यटन क्षेत्र ने वर्ष 2020 में 6.96 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की। कोरोना महामारी के बाद इसके और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2020 में भारत में पर्यटन क्षेत्र में 39 मिलियन लोगों को रोजगार मिला जो कि देश में कुल रोजगार का 8 प्रतिशत था। 2029 तक यह आंकड़ा लगभग 53 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत में 40 स्थल, विश्व विरासत सूची में शामिल हैं। जिनमें 32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित स्थल शामिल हैं। इस मामले में भारत विश्व में छठे स्थान पर है।

आज के समय में हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं। पर्यटन के कारण आज कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है। भारत में यह अभी भी 6.7 प्रतिशत ही है। जबकि पड़ोसी देशों चीन (8.6), इण्डोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9), श्रीलंका (8.8) तथा थाइलैण्ड (13.9) है जो हमसे बहुत अधिक है।

भारतीय हमेशा से अतिथि देवो भवः की भावना को मानते आएं भारत में आया हुआ हर पर्यटक देश के लिए अतिथि समान होता है। इसलिए दुनिया का हर नागरिक एक बार भारत में पर्यटक बनकर जरूर आना चाहता है। भारतीय संस्कृति व पर्यटन स्थल पर्यटकों को एक अलग ही अहसास का अनुभव करवाती है। पर्यटन से राष्ट्रीयता की भावना मजबूत होती है। साथ ही पर्यटन से जीवन में उदारता व सहिष्णुता की भावना आती है। साधु-संत जो सामान्य मानव से ऊपर स्थान प्राप्त करते हैं। उसका मुख्य कारण उनकी घुमक्कड़ी स्वभाव ही है। जिसके चलते वह हर प्रकार का ज्ञान हासिल करते रहते हैं।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पोषण चौपाल का किया गया आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी**

चरपोखरी प्रखंड के सियाडीह पंचायत के वार्ड संख्या 14 स्थित सामुदायिक भवन में पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित पोषण चौपाल



की शुरूआत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राधिका रमण के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा संतुलित आहार स्वच्छता,अच्छी आदतें, परिवार नियोजन, टीकाकरण को लेकर महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिलाओं के साथ विशेष संवाद किया गया।इस दौरान मौजूद प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक नवनीत शेखर,चिंता कुमारी,शैल कुमारी,सोनी कुमारी,पंकज कुमार चौधरी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तरारी में मेरी माटी मेरा देश के तहत स्वतंत्रता सेनानी के घर से गई मिट्टी सग्रह कार्यकार्म आयोजित

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी**

तरारी। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत तरारी विधान सभा अन्तर्गत के भिभिन गाँव में स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के



घर से मिट्टी चावल संग्राह किया गया। यह कार्यक्रम जिला के सभी गांवो में चलाया जा रहा है। लोगों के आगन से एकत्र पवित्र मिट्टी प्रखंड स्तर पर एकत्रित कर दिल्ली अमृत वाटिका बनाया जाएगा। जिससे देश के आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। अमृत वाटिका प्रत्येक घर के आंगन की पवित्र मिट्टी का उपयोग किया जाएगा। अमृत वाटिका का निर्माण देश के वीर शहीदो एंव स्वतंत्रता सेनानियों के याद में किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंदन कुमार चांद ने कहा कि लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के कुबार्नी देकर सपना साकार किया। उनके बलिदानी को याद कर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र भावना के तहत अमृत कलश में परिजनो से अपने आंगन से मिट्टी देने के लिए आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिकरहटा मंडल अध्यक्ष रामानुज सिंह , भरथ राय, गोपाल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार उर्फ बादल, नवीन राय, पंकज सिंह , रंजन सिंह कुशवाह और दीपू सिंह सहित दर्जनों लोग सामिल थे।

## भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दलित टोली में कॉपी पुस्तक कलाम का वितरण

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी**

तरारी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तरारी मंडल के सारा गांव, कुदरिया गांव दलित बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान चला केंद्र सरकार की योजना की



जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड भाजपा के कार्यकर्ता सिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों का कार्ड बनवाएंगे। सारा मुसहर टोली में पूर्व वार्ड पार्षद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही दलित टोला के छात्रों के बीच कॉपी पुस्तक कलाम का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान तरारी विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कौशल कुमार सिंह उर्फ कौशल विद्यार्थी ने कहा कि केंद्र सरकार दलितों के उत्थान के लिए करीब दो दर्ज की योजनाओं को चला रही है लेकिन राज्य सरकार कि इसमें दिलचस्पी नहीं है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बृज बिहारी, पांडेय, अरविंद सिंह, विद्यासागर पांडेय ,मिकु सिंह, पंकज सिंह, रितेश सिंह, पिंटू राय और रजनीश मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## गिद्धा में सरकारी पेड़ काटने मामले 6 लोग गिरफ्तार।

***दैनिक समाज जागरण: अश्वनी कुमार पिंटू कोईलवर***

गिद्धा ओपी क्षेत्र के गिद्धा गांव में सरकारी महुआ के सूखे पेड़ काटने को लेकर उपजे विवाद में जमकर मारपीट में दोनों पक्षों से महिला पुरुष समेत दर्जन भर लो घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल आरा में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बता दे की सरकारी महुआ के सूखे पेड़ को एक पक्ष के द्वारा काटा जा रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया तो अपने ही दोनों पाटीदारों में जमकर लाठी डांटे से मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष के अगल्लू पासवान ,आरती सुंदर देवी, विकास पासवान, राधेश्याम, संध्या देवी, सुखी देवी, बच्चू पासवान, तथा वहीं दूसरे पक्ष में सरोजा देवी, सीता पासवान सुनैना देवी, सुनीलाल, संतोष पासवान, महीलाल पासवान तथा मुन्नीलाल पासवान शामिल है। वही इस घटना को लेकर गिद्धा ओपी प्रभारी से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर दोनों पक्षों से इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# सम्राट चौधरी का आरा में हुआ भब्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव**

आराः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का बक्सर कार्यक्रम मे जाने के दौरान भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे भब्य स्वागत किया गया। भोजपुर जिला के प्रवेश द्वार कोईलवर मे प्रवेश करते ही प्रदेश अध्यक्ष का भब्य स्वागत किया गया। फूल-माला, अंगवस्त्र के साथ कोईलवर नगर मंडल सहित जिले के कार्यकताओ द्वारा स्वागत किया गया। कोईलवर के बाद कायमनगर मे उसके बाद आरा बामपाली जिला कार्यालय मे जिला पदाधिकारियो और महिला मोर्चा और गजराजगंज मंडल द्वारा ढोल-बाजे,अंगवस्त्र और फूल-माला के साथ प्रदेश



अध्यक्ष का भब्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम मे मिथिलेश कुशवाहा,ई.धीरेन्द्र सिंह,उदय प्रताप सहि,मीरा यादव,वंदना राजवंशी,लव पांडेय, पुनम कुशवाहा, सीडी शर्मा, संजय कुमार सिंह, मधु मिश्रा, संतोष चंद्रवंशी,रमेश कुमार कर्ण, रामदिनेश यादव,दीपक सिंह,विरेन्द्र कुमार,भरत चौधरी,धनंजय तिवारी, भिखारी सिंह,कुमार गौतम सहित दर्जनों कार्यकर्ता थे। वही

प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का स्वागत बिहिया नगर,बिहिया पूर्वी,शाहपुर नगर,शाहपुर पश्चिमी मंडल के कार्यकताओ द्वारा भी भब्य स्वागत किया गया।

# बड़गाव के धनपुरा स्थित नहर में डूबने से एक युवक की हुई मौत, घर में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव**

आरा भोजपुरः अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव के धनपुरा टोला स्थित नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सहार थाना क्षेत्र के कारबासीन गांव के विश्रामपुर टोला निवासी सुदर्शन सिंह के पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई। जो पैसे से मजदूर बताया जाता है। मृतक के भाई भगवान सिंह ने बताया कि अशोक सोमवार की सुबह काम करने के लिए घर से निकला था। गांव से बाहर रास्ते में नहर पड़ता है। जहां बिजली के पोल के सहारे लोग नहर पार करते हैं।इस दौरान पार करते समय असंतुलित होकर नहर में गिर गए। जिसमें डूबने



उसकी मौत हो गई। देर शाम जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन करने के दौरान मंगलवार की सुबह बड़गांव गांव के धनपुरा टोला स्थित नहर में उसका शव पड़ा दिखा। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला, और घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मौत की सूचना पाकर घर में कोहरा मच गया।

# विश्व रेबिज दिवस पर 28 सितम्बर को पीरो में निशुल्क टिकाकरण डा० रबि

## पशुपालन अस्पताल मे 28 को मुफ्त लगेगा एंटी रेबीज टीका

पीरो ।घर मे यदि कुत्ता को पाल रहे हैं तो उसे एंटी रैबीज का टीका अवश्य लगवाए। क्योंकि यह पूरी तरह से मानवरक्षित है। इसको लेकर बिहार सरकार काफी तत्पर है ताकि समय समय पर पालतू कुत्तों को एंटी रैबीज दिया जा सके।

बता दें कि पालतू कुत्तों को रैबीज रोधी टीका लगाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पालतू कुत्ते को मुफ्त टीकाकरण किया जाएगा। रैबीज रोधी निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में जल्दी में टीकाकरण कराना आवश्यक है। पालतू कुत्तों को टीकाकरण की यह व्यवस्था पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित बंस पडाव के समीप अवस्थित पशुपालन अस्पताल में विश्व रेबिज दिवस को 28 सितंबर को निशुल्क किया गया है।

ताकि रैबीज जैसी खतरनाक बीमारी से आम जनों को बचाया जा सके। विभाग द्वारा एंटी रैबीज टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कुत्तों को वैक्सीन लगाने का सभी प्रखंडों को मिलाकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### कुत्तों को लेकर आना होगा अस्पताल

कुत्ता पालने वालों को अपने कुत्ते को लेकर पशुपालन अस्पताल में लेकर आना होगा। ताकि उन्हें सही तरीके से रैबीज दिया जा सके। यहां डा० रवि के साथ ही अन्य डॉक्टर रहेंगे। इनके साथ ही असिस्टेंट होंगे जो रैबीज दिलवाने में सहयोग करेंगे।

### देने होंगे नाम व पता

रैबीज दिलवाने के पहले पशुपालकों को खुद से पहल करते हुए अपना नाम,मोबाइल नम्बर व पता देने होंगे। वहां कार्यरत डाटा ऑपरेटर के पास एड्रेस वगैरह देने होंगे। जिसके बाद कुत्तों को रैबीज का इंजेक्शन दिया जाएगा। इसके लिए सुबह 8 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक का समय निर्धारित की गई है।

# कांग्रेस का परिवर्तन संकल्प रैली का सफल आयोजन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव

आरा : परिवर्तन संकल्प रैली कांग्रेस मैदान शहीद भवन आरा में जिला अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में आहुत की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी शिरकत किए। मुख्य अतिथि के आगमन पर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ अजय कुमार सिंह जो इस कार्यक्रम के संयोजक भी थे। डॉक्टर श्रीधर तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो गाड़ियों के साथ कोईलवर में रिसीव कर भव्य स्वागत करते हुए सकड़ी धनुपरा धरहरा दूध कटोरा वली गंज अबरपुल शीश महल चौक गोपाली कुआं आरा नगर थाना से शहीद भवन तक गाजे बाजे साथ आगमन हुआ । आगमन के पश्चात कांग्रेस प्रांगण में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात झंडातोलन का कार्यक्रम हुआ उसके बाद मंच पर आसीन कर प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ पटना से आए आगत अतिथियों जिसमें तारीक अनवर, निखिल कुमार, पूर्व राज्यपाल एवं बिहार राजनीतिक मामलों के अध्यक्ष डॉ शकील अहमद खां, मदन मोहन झा पूर्व अध्यक्ष बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी कृपानाथ पाठक, पूर्व मंत्री बिहार सरकार नरेंद्र सिंह, पूर्व सदस्य बिहार विधानसभा डॉ श्रीमती ज्योति पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉ समीर कुमार सिंह, प्रभारी भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी डॉक्टर अंशुल अभिजीत, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदेश के वरिष्ठ नेता बृजेश पांडे जी बिहार सरकार के पुर्व मंत्री विणा शाही जी बिहार सरकार के मंत्री मुरारी गौतम जी बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा जी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गरिब दास सेवा दल के अध्यक्ष संजय कुमार एवं सेवा दल के पुर्व अध्यक्ष अजय चौधरी आदि नेताओं का अंग वस्त्र माला एवं बुके और भोजपुर जिला का आन बान और शान तलवार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद अपने सम्बोधन में

डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी ने कहा कि आज मैं भोजपुर की ऐतिहासिक धरती पर इस तरह का अभिनंदन स्वागत देखकर अभिभूत हूं जिला का



शुरू से एक अपना इतिहास रहा है इसकी अपनी एक गरिमामयी परंपरा रही है। जिसे आज भी जीवंत रूप में दिख रहा है। भोजपुर जिला संगठनात्मक रुप से काफी मजबूत सशक्त है।और चुनाव से पूर्व इसे और ताकतवर और धारदार बनाना है। यहां के लोग और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पुरा भरोसा है। आज हम शाहबाद के सभी जिले के दौर पर निकले हैं।उस में आज मेरा भोजपुर में आगमन हुआ है।राहुल गांधी जी के नीतियों सिद्धांतों और उनके संदेशों को जन जन तक पहुंचाना लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ना और कांग्रेस को सशक्त और मजबूत विकल्प बनाना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है।

पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है इसके विरोध में एकमात्र विपक्ष की आवाज पूरे देश में हम सबों के नेता राहुल गांधी जी है जो मोदी सरकार के हर कुरीतियों के खिलाफ बुलंद आवाज उठाते हैं ।

सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर मदन मोहन झा ने कहा की अखिलेश बाबू जब से अध्यक्ष बने हैं लगातार जिला का दौरा कर संगठन को मजबूत करने में लगे हैं ।

श्रीमती ज्योति ने अपने क्रांतिकारी संबोधन में कहा कि भोजपुर जिला जिस तेवर के लिए जाना जाता है। आज एक बार पुनः माननीय अखिलेश बाबू को भव्य स्वागत कर इतिहास रचा है। डॉक्टर अंशुल अभिजीत ने अपने संबोधन में कहा कि भले में राष्ट्रीय राजनीति में हूं लेकिन मेरा विचार मेरी सोच मेरी खुन इस भोजपुरी की मिट्टी से जुड़ा हुआ है। और मैं इस लगाओ को और मजबूत और सशक्त बनाना चाहता हूं यहां के लोगों से मेरा एक पारिवारिक संबंध है जिसे और प्रगाढ़ बनाना है। कार्यक्रम का संचालन पुर्व विधान पार्षद एवं संयोजक परिवर्तन संकल्प रैली डाक्टर अजय कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस विचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं अक्छउ सदस्य डॉ शशि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में शिवकुमार सिंह निर्मल वर्मा बबन पाण्डेय डाक्टर आलोक कुमार श्रीकांत तिवारी बिरेन्द्र मिश्रा प्रमोद राय श्रीधर तिवारी विजेन्द्र राय सत्य प्रकाश राय जितेन्द्र शर्मा रजि अहमद पन्नग त्रिपाठी नवीन कुमार अशोक यादव संतोष पांडेय घनश्याम उपाध्याय प्रेम प्रकाश पाण्डेय अरुण सिंह रवि राम सुर्य कुमार अशोक सिंह रवि राम आशुतोष ठाकुर राम बचन तिवारी नागेन्द्र मिश्रा फजलु लक्ष्मण ठाकुर रहमान राजेन्द्र ओझा रतन धमालिया अमिता पांडेय सुशीला देवी प्रभा सिंह यादव शशि भूषण पांडेय सैयद राशिद हुसैन मालती पांडेय प्रो तिर्थनाथ दुबे बलराज ठाकुर निर्मल सिंह एस पी राय सत्यनारायण सिन्हा अरसद रिजवी शिव शंकर चौबे ललन कुशवाहा रघुराज ओझा मुकेश चनबंशी श्याम सुंदर पांडेय राकेश कुमार मुन्ना अब्दुल सलाम कुरैशी राकेश त्रिपाठी गोपाल कृष्ण गोखले आदि लोग शामिल हुए।

# काशी विश्वनाथ के तर्ज पर बनेगा सहार दुर्गा पंडाल

संवाद सूत्र ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।।

सहार श्री लक्ष्मी पुस्तकालय के प्रांगण में कई दशकों से दुर्गा पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 1938 से ही सहार बाजार में अवस्थित श्री लक्ष्मी पुस्तकालय के प्रांगण में दुर्गा पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस बार सहार दुर्गा पूजा पंडाल काशी विश्वनाथ मंदिर के तर्ज पर बनाया जाएगा। जिसके लिए सोनू टेंट हाउस के पंडाल कारीगरों द्वारा बनाया जाएगा। हालांकि दुर्गा पंडाल बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक के रूप में देखने को मिलेगा। इतना ही नहीं दुर्गा पंडाल में लगभग 200 मी का गुफा बनाया जाएगा। जिसकी निगरानी सीसीटीवी कैमरा से की जाएगी। मां दुर्गे की मूर्ति बनाने का कार्य आरा के बहुचर्चित कलाकार शंभू मिस्त्री द्वारा चलंत मूर्ति का रूप देंगे। जिससे काफी आकर्षक एवं मनमोहक शो देखने को मिलता है। मां दुर्गे का पूजा 10 दिनों तक चलता है। इसी बीच सप्तमी से लेकर दसवीं तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। वही नवमी के दिन हवन कार्यक्रम में हजारों की तादात में श्रद्धालु एकत्रित होकर हवन करने का कार्य करते हैं। तत्पश्चात घी से बनी प्रसाद फल एवं



खीर का वितरण किया जाता है और कुंवारी कन्याओं की भोज कराई जाती है। एवं अंग वस्त्र के साथ कुंवारी कन्याओं को खुश कर आशीर्वाद लेने का कार्य किया जाता है। सहार प्रखंड क्षेत्र सहित अन्य जगहों से भी दुर्गा माता को देखने के लिएअं श्रद्धालु आते हैं।

दुर्गा पूजा में 9 दिन ब्राह्मणों के सानिध्य में दुर्गासप्तशती का पाठ संकल्प पूजा अर्चना तथा आरती संपन्न किया जाता है और अंतिम दिन विधिवत रूप से पूजा मंडली के साथ-साथ सैकड़ो ग्रामीण के द्वारा एकत्रित होकर हवन एवं महा आरती का आयोजन मे भाग लेते हैं। और प्रसाद वितरण किया जाता है। इसके बाद सहार सोन नदी तट पर सूर्य मंदिर के प्रांगण में दसवीं के दिन हर्षो उल्लास के साथ रावण का वध करके लंका दहन विधवत रूप में देखने को मिलता है यह परंपरा विगत कई वर्षों से चली आ रही है। इस परंपरा को देखने के लिए श्रद्धालु हजारों की संख्या में प्रखंड सहित अन्य जगहो से पहुंचते हैं। विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था होती है। और एकादशी के दिन सोन नदी में मां दुर्गे के प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। इस बार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष- मनोहर कुमार उर्फ मंटू,उपाध्यक्ष -अमित कुमार, सचिव- विक्रमादित्य चौधरी उर्फ विक्की ,उपसचिव- प्रफुल्ल कुमार नंदन ,सौरभ केसरी व्यवस्थापक वकील साह, विमल मौआर, गोविंद प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, अशोक साहू, सुनील कुमार तथा नवयुवक मंडली के देखरेख में इस बार का दुर्गा पूजा पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।

## आपदा को अवसर में बदलना इनसे सीखें...बाढ़ से बने गड्ढों को लीज पर लेकर शुरू किया मछली पालन

देश के ग्रामीण इलाकों में मछली पालन आमदनी का एक बढ़िया जरिया है. बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र में किसान इस व्यवसाय की तरफ रुख कर कर रहे हैं. किसान मछली पालन कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं. एक ओर जहां मछली पालन में नई-नई तकनीक आ चुकी है. इन तकनीकों से कम जगह, कम पैसा और कम मेहनत में ही अच्छा मुनाफा मिल जाता है, तो दूसरी ओर पुराने तकनीक से आज भी मछली उत्पादन कर अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं. इसी श्रेणी में बेगूसराय के किस रंधीर महतो भी शामिल है. रंधीर महतो ने गांव में आए आपदा को अवसर में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ी. मछली पालन कर लागत से 10 गुना अधिक आमदनी प्राप्त कर रहे हैं

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला जख्मी।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी**

चरपोखरी थाना क्षेत्र के बड़हरा काली मंदिर के समीप सड़क पार कर रही एक वृद्ध महिला को तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें सड़क पार कर रही वृद्धि महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन-फानन में जख्मी महिला को इलाज के लिए सीएचसी चरपोखरी लाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में जख्मी



महिला का इलाज हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी महिला की पहचान ढ़िबरा टोला गांव निवासी सिधारी की पत्नी नैना देवी बताई जाती है घटना के संबंध में बताया जाता है कि वृद्ध महिला अपने मायके पहुंची हुई थी और उसी दरमियान किसी कार्य के लिए सड़क की तरफ गई हुई थी तभी सड़क पार करने के दौरान तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी जिसमें वृद्ध महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

## लापता मजदूर का डेढ़ महीने बाद भी सुराग नहीं *अनहोनी की आशंका से सहमे है परिजन*

**दैनिक समाज जागरण रवि शंकर शर्मा**

अगिआंव गड़हनी थाना क्षेत्र के लहारपा गांव निवासी 45 वर्षीय राज किशोर यादव करीब डेढ़ महीने से लापता है। युवक के परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी है .जिसको लेकर परिजनों ने वरीय पुलिस पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर मामले पर सुनवाई करने की गुहार लगाई है। युवक गड़हनी थाना क्षेत्र के निवासी सीता यादव के पुत्र राजकिशोर यादव है जो आरा मजदूर का काम के लिए रोजाना यात्रा करते है. पत्नी मोतीझारो देवी ने बताया की 14 सितंबर को



आरा काम गए थे और काम के बाद शाम में उन्होंने आरा सदर अस्पताल जाने का जिक्र किया था। जो कि संध्या होने बाद भी वापस नहीं आए .दूसरे दिन भी काफी खोजबीन और रिश्तेदारों के यहां जानकारी लेने के बावजूद भी कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके उपरांत संबंधित थाने में भी सूचना की गई मगर अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सका और ना ही कोई सुराग मिल सके है। बता दें कि गयब युवक के दो पुत्र और चार पुत्री है. पत्नी और बच्चो को दिन-रात बस पिता की चिंता सताए जा रही है।

## रसोइयां फ्रंट का मानदेय बृद्धि को ले प्रदर्शन

पीरो।सतीश कुमार। सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में बच्चों के लिए दोपहर का भोजन तैयार करने हेतु बहाल रसोइयों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार मानदेय का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइयां फ्रंट के बैनर तले सैकडों की संख्या में रसोइयों ने प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। फ्रंट के अध्यक्ष उपेन्द्र रवानी व सचिव महेन्द्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान रसोइयों ने कहा कि फिलवक्त उन्हें प्रतिमाह महज 1650 रुपए मानदेय का भुगतान किया जाता है जो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। जबकि वे प्रतिदिन छह घंटे विद्यालय में अपनी सेवा देती हैं। इतने कम मानदेय से महंगाई के इस दौर में घर-परिवार चलाना संभव नहीं है। निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम मानदेय का भुगतान श्रम कानून का उल्लंघन है। ऐसा करके सरकार उनका शोषण कर रही है। रसोइयों ने कहा कि उनकी मेहनत व कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखकर कम से कम 18000 रुपए मासिक मानदेय



निर्धारित होना चाहिए। रसोइयों के अनुसार उन्हें जो अल्प मानदेय का भुगतान किया जाता है वह भी समय पर नहीं मिलता है। उन्हें साल में केवल दस महीने के मानदेय का भुगतान ही किया जाता है जो उनके साथ सरासर अन्याय है। फ्रंट के नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिस तरह दलित मसादलित समुदाय के उत्थान को ध्यान में रखकर शिक्षा सेवकों व विकास मित्रों के मानदेय में वृद्धि की गई है उसी तरह रसोइयों को भी सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। क्योंकि रसोइयों में सबसे अधिक तादाद दलित मसादलित व पिछड़े समुदाय का है। यहां आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में मानती देवी, मीना देवी, चंद्रावती देवी, धर्मशीला देवी, प्रमीला देवी, उर्मिला देवी, बेबी देवी, चिंता देवी, हीरामुनी देवी, कांति देवी आदि शामिल थी।

# बेंच-डेस्क की अनुपलब्धता में दरी पर बैठकर परीक्षा देना बच्चों की विवशता।

**सरकारी प्रारंभिक स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न, बच्चों से खचाखच भरा रहा विद्यालय।**

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

बेंच-डेस्क का अभाव झेल रहे सरकारी प्रारम्भिक विद्यालयों में विगत 06 दिनों तक बच्चों की उपस्थिति औसतन 95 फीसदी से भी अधिक रही। बच्चों की खचाखच उपस्थिति के कारण इन विद्यालयों के वर्ग 06 से 08 के बच्चों में से बड़ी संख्या को 20 सितंबर से 26 सितंबर तक चले अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान दरी पर बैठकर परीक्षा देना पड़ा।

हलांकि शिक्षा विभाग, बिहार द्वारा इस मामलें में कई गम्भीर प्रयास किये गये किन्तु अपेक्षानुरूप सफलता नहीं मिली। केंद्र सरकार की विद्यांजली पोर्टल 2.0 भी इस मामलें में फिसड्डी साबित हुआ।

अपर मुख्य सचिव , शिक्षा विभाग, बिहार के द्वारा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी इस सम्बंध में आगे बढ़कर सहयोग करने का सुझाव दिया गया था, किन्तु इस सुझाव पर अमल होता नहीं दिखा। अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार के द्वारा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के सभी प्रधानाध्यापकों को स्पष्ट सुझाव दिया गया है कि वे सभी अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में अवस्थित मध्य विद्यालयों में से वैसे मध्य विद्यालय जिनमें बेंच-डेस्क पर्याप्त संख्या में अनुपलब्ध हैं, को अपने विद्यालय के विकास कोष / छात्र कोष में उपलब्ध राशि को उक्त मद में व्यय करने की अनुमति अपने विद्यालय



प्रबंधन समिति से प्राप्त करेंगे। अनुमति मिलने पर सम्बंधित सभी प्रधानाध्यापक अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में अवस्थित ऐसे चिन्हित विद्यालयों को उनके जरूरत के अनुसार आवश्यक बेंच-डेस्क क्रय कर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

किन्तु इस सुझाव को अमलीजामा पहनाने हेतु पहल करने के मामलें में सम्भवतः जिला शिक्षा कार्यालय, किशनगंज ने रुचि नहीं लिया जिस कारण यह सुझाव कागज में ही सिमट कर रह गया।

वहीं दूसरी ओर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बेहबुलडाँगी के पोषक क्षेत्र में अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा लगभग 02 माह पूर्व ही 30 जोड़े बेंच-डेस्क की मांग केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित विद्यांजली पोर्टल 2.0 पर किया गया था। किन्तु यह पोर्टल भी अबतक नकारा ही साबित हुआ।

इस स्थिति के कारण निराश होकर इस विद्यालय के विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि बहुत जल्द अभिभावकों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन को प्रधानमंत्री कार्यालय और शिक्षा मंत्रालय , नई दिल्ली को भेज कर उनसभी को विद्यांजली पोर्टल 2.0 के विफलता की कहानी से रु-ब-रु कराने वाले हैं।

# जनसंवाद कार्यक्रम बना गवाह जीविका के मार्फत बदलते नारी जीवन का।

**जिलाधिकारी और आरक्षी अधीक्षक के नेतृत्व में उपस्थित जिला प्रशासन ने सुना सुमी मुर्मू की जीवंत कहानी।**

**दैनिक जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज) :-**

गरीबी की मार झेल रहे सुमी मुर्मू नामक आदिवासी महिला के जीवन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्राथमिकता में शामिल जीविका ने न केवल रंग ही भरे बल्कि उसे रोजगार दाता व अन्य आदिवासी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना दिया।

सुमी मुर्मू नामक जीविका दीदी जो साधना जीविका समूह से जुड़ी हुई है, बिहार सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जानने व समझने हेतु जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित हुई थी। यह कार्यक्रम ठाकुरगंज प्रखंड के भातगांव ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन - सह - विवाह सदन, गलगलिया में बीते 25 सितंबर को आयोजित हुआ था जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी किशनगंज ने किया।

जब बारी आयी आमजन के सुझाव देने का, तब सुमी मुर्मू ने भी सुझाव देते अन्य ग्रामवासियों को देख साहस बटोरते हुए स्वयं को आगे लाया तथा माइक थामकर जिला के वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनसंवाद कार्यक्रम में भाग ले रहे सैकड़ों ग्रामीणों के समक्ष अपने



जुबान से उनसभी घटनाक्रमों को सिलसिलेवार रखा जो यह बता गया कि किस प्रकार उसकी जीवन में बिहार सरकार के जीविका कार्यक्रम ने बड़ी तब्दीली लाकर उसे आज एक रोजगार दाता और प्रेरणादायक नारी की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है।

बेसरवाटी ग्राम पंचायत के नया टोला, आदिवासी बस्ती में रहने वाली सुमी मुर्मू ने बताया कि जीविका दीदी बनने के बाद गरीबी की मार झेल रहे उसके परिवार को एक बड़ा सहारा मिल गया। साधना नामक जीविका समूह से जुड़कर उसने नर्सरी योजना आरम्भ किया जो आज उसके जीविकोपार्जन का न केवल सहरा मात्र है बल्कि अच्छी-खासी मुनाफे कमाने का जरिया बन चुका है। वह अपने द्वारा लगाये नर्सरी में अन्य जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार भी दे रही है तथा उन्हें भी जीविका के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें भी जीविका कार्यक्रम से जोड़ने में सफलता प्राप्त कर रही है।

ज्ञात हो कि नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार अपने सरकार के महत्वपूर्ण योजना "जीविका" के ऐतिहासिक सफलता में नियमित रूप से सफलता के नये-नये आयाम गढ़ने हेतु काफी गम्भीर रहते आये हैं तथा हरसंभव मदद का पुरजोर व्यवस्था करने में कोई कसर अपने तरफ से नहीं छोड़ रहे हैं।

# बहादुरगंज पुलिस द्वारा अपहृता को किया गया बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

08 अगस्त को मो. मजीरों पिता स्व. सलीमुद्दीन सा.- गुआबाडी गाँगी पो.- गॉगीहाट वार्ड नं.-09 थाना- बहादुरगंज के द्वारा आवेदक की पुत्री के अपहरण के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ, जिसके आलोक में बहादुरगंज थाना कांड सं.-279 / 23. दिनांक-09. 08.23. घारा-363 / 365 भा.द.वि. दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अपहृता की बरामदगी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा लगातार छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 26.09.23 को अपहृता गुआबाडी गांगी में होने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। तत्पश्चात त्वरित कारवाही करते हुए अपहृता को गुआबाड़ी गांगी से बरामद किया गया। कांड में अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# महान शिक्षाविद एवं समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की 204 वीं जयंती मनाई गई

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

मंगलवार गोपीबल्लभपुर प्रखंड एक अंतर्गत बैतालपाडा प्राथमिक विद्यालय में बर्ण परिचय के जनक महान समाज सुधारक शिक्षाविद और स्वतंत्रता सेनानी ईश्वरचंद्र विद्यासागर की 204 वीं जयंती अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों की उपस्थिति में पूरे सम्मान के साथ मनाई गई। विद्यालय के बाल परिषद के प्रबंधन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन, शंख ध्वनि एवं विद्यासागर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षारत्न सुखमय पंडा ने विद्यासागर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितंबर 1820 को पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बिरसिंघा गांव में ठाकुरदास बंदोपाध्याय और भगवती देवी के घर एक बंगाली हिंदू ब्राह्मण परिवार में हुआ था। शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण तथा समाज के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। विधवा विवाह, नारी शिक्षा जैसे सामाजिक एवं बाल विवाह जैसे अभिशापों को मिटाने के लिए समाज सुधारक विद्यासागर का संघर्ष गाथा की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तत्पश्चात शिशु संसद के विद्यार्थियों द्वारा भाषण गायन नृत्य प्रस्तुत किये गये।अंत में विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को पंडित ईश्वरचंद्र विद्यासागर की जीवनी को दशार्या गया।



# सांप काटने से युवक की मौत

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

झाड़ग्राम जिला अंतर्गत चाकुलिया थाना क्षेत्र के धनखोरी गांव निवासी 33 वर्षीय जगदीश गोप को सांप काटने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश मवेशियों के चारा हेतु घास काटने गया था। जहां उसके दाहिने पैर पर सांप ने काट लिया। उसे तत्काल चाकुलिया ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। जहां उसके बिगड़ते हालात को देखते हुए झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। ईलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

# कोचाधामन क्षेत्रन्तार्गत एक वाहन से 160 ली. 500 एम.एल. विदेशी शराब के साथ 01 तस्कर गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

कोचाधामन थानान्तर्गत मस्तान चौक के पास 25 सितंबर सुबह करीब 03:30 बजे अपराध नियंत्रण एवं अवैध शराब की बरामदगी के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में किशनगंज तरफ से आ रही एक बोलेरो जिसका रजि. नं. इफ११ल्2946 जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस ने रूकने का ईशारा किया तो चालक वाहन को तेजी से भगाने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम द्वारा पीछा करने गाड़ी तथा एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, परन्तु एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। गाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में बोलेरो के छत के नीचे से विदेशी शराब की कई बोतले पाया गया जिसकी कुल मात्रा 160 लीटर 500 मि.ली., दो नम्बर प्लेट एवं एक मोबाईल फोन बरामद किया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम संतोष कुमार उम्र करीब 18 वर्ष पिता लड्डू लाल महतो साकिन दरभंगा थाना नखनौर जिला - मधुबनी बताया गया। शराब के संबंध में पूछने पर पकड़ाये व्यक्ति द्वारा पश्चिम बंगाल से लाकर मधुबनी पहूचाने की बात बताया गया। गाड़ी में रखे नम्बर प्लेट BRO6P7947 के संबंध में पूछने पर बताया गया कि इस गाड़ी का नम्बर यही है। पुलिस से बचने / धोखा देने हेतु समय-समय पर नम्बर बदल देता हूँ। गाड़ी में लगा नम्बर BR11H2946 गलत है। बरामद शराब, 02 नम्बर प्लेट,



01 मोबाईल एवं वाहन (इंजन नं0 GF91081316 एवं चेचिस नं० MA1XA2GFK95D64499) को विधिवत जप्त किया गया। इस संबंध में कोचाधामन थाना कांड सं. 227 / 23 दिनांक 23.09.23 धारा 420/467/ 468 / 471 / 34 भा.द.वि.एवं 30 (ए)/32/41/47 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

# जैन समुदाय के जुलूस एवं हजरत मोहम्मद साहब के जयंती के अवसर पर विधि- व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में गणेश चतुर्थी पर्व, जैन समुदाय के जुलूस एवं हजरत मोहम्मद साहब के जयंती मनाने एवं इस अवसर पर विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा समाहरणालय सभागार में जिला शांति समिति की बैठक में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये. अगामी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हो, इस के लिए जिला शांति समिति के सदस्यो से सहयोग की अपील की गई है.

शांति समिति की तरफ से कुछ सुझाव दिए गए, इसमें जुलूस के रास्ते में जल जमाव को हटाने का अनुरोध किया गया, कमेटी की तरफ से शांतिपूर्ण एवम भाईचारे के साथ तय रूट पर जुलुस निकलने का आश्वासन दिया गया. अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा शांति समिति से अनुरोध किया गया कि यह उनका अंतिम विधि- व्यवस्था है. इसे यादगार के रूप में रखने के लिए सभी शांति समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया. जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी शांति समिति के आए सदस्यों से शांतीपूर्ण और भाईचारे के साथ हर साल की भांति इस साल भी मनाने का निर्देश दिया गया. जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की किसी भी परिस्थिति में जुलुस में डीजे का प्रयोग न हो इसको सुनिश्चित किया जाए. विभागीय निर्देश के आलोक में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है.

जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस तथा संवेदनशील एवं धार्मिक स्थलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया. बताया कि कतिपय असामाजिक, शरारती एवं उपद्रवी तत्वों के द्वारा



अफवाह फैला कर या छोटी-मोटी घटनाओं को हवा देकर संप्रदायिक सद्भावना को भड़काने का प्रयास किया जाता है. जिसे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है,वैसे शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया है.

सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत किए जाने वाले टिप्पणियों एवं धार्मिक उन्माद वाले नारो एवं धार्मिक,सामाजिक, राजनीतिक तथा स्थानीय छोटे-छोटे कारण को लेकर सामाजिक सद्भावना को चोट पहुंचाने वाले तत्व किसी भी सूरत में बक्शे नहीं जाएंगे. उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया. ऐसे तत्व के विरुद्ध दृढ़ता से निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है. जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया.

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति किया गया है. जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा. जुलूस मार्ग में पड़ने वाले घर के आसपास सड़क पर गिरी बालू या गिट्टी हो तो उसे हटा हटवाने का निर्देश दिया गया ताकि जुलूस में कोई दिक्कत ना हो. सड़क तथा अन्य जगह साफ-सफाई करने का निर्देश दिया गया रूट में पीने की पीने का पानी की व्यवस्था करने का करने का निर्देश दिया गया.बैठक में बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशनगंज, पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय), जिला अग्निशमन पदाधिकारी किशनगंज, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, किशनगंज, पुलिस निरीक्षक किशनगंज तथा थानाध्यक्ष किशनगंज एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. साथ ही नगर परिषद किशनगंज के अध्यक्ष समेत जिला शांति समिति और नागरिक एकता मंच के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे.

# किशनगंज जिले के सभी स्वाथ्य संस्थानों में मनाया गया विश्व गर्भ निरोधक दिवस

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिले के सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मंगलवार को विश्व गर्भनिरोधक दिवस के रूप में मनाया गया. उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनसीडीओ डॉ उर्मिला कुमारी, डीएस डॉ अनवर आलम, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैंसर इकबाल, डीपीसी विश्वजीत कुमार, पीरामल के अश्वनी पटेल एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए. सदर अस्पताल में इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि सन 1994 में जनसंख्या और विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सभी व्यक्तियों को अपने बच्चों की संख्या और अंतर पर स्वतंत्र रूप से और जिम्मेदारी से निर्णय लेने का अधिकार दिया गया था. इसमें कहा गया कि वर्ष 2030 तक परिवार नियोजन, सूचना, शिक्षा, राष्ट्रीय रणनीतियों और कार्यक्रमों में प्रजनन स्वास्थ्य के एकीकरण सहित यौन और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करें. इसी क्रम में जन्म नियंत्रण विकल्पों और परिवार नियोजन के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने और युवा वयस्कों को उनके यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर सचेत निर्णय लेने में मदद करने के लिए 2007 से हर साल 26 सितंबर को दुनिया भर के लोगों द्वारा विश्व गर्भनिरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है.

गर्भनिरोधक तरीकों के बारे में विश्वसनीय जानकारी सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है-

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों को गर्भनिरोधक के बारे में जागरूक करना होता है. प्रजनन आयु (15-49 वर्ष की आयु) की महिलाओं का अनुपात,



जिनकी परिवार नियोजन की आवश्यकता आधुनिक तरीकों से संतुष्ट है. यहीं पर विश्व गर्भनिरोधक दिवस अभियान आता है. एक वैश्विक पहल जो सुरक्षित और संरक्षित यौन संबंध से संबंधित बेहतर शिक्षा और ज्ञान पर जोर देती है. ताकि हर गर्भावस्था की योजना बनाई जा सके और वांछित हो. भारत के अलावा कई देशों में गर्भनिरोधक के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विशेष जानकारी दी जाती है. विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाने का उद्देश्य वर्तमान में युवा पीढ़ी को यौन जागरूक बनाने के लिए किया जाता है. लोगों को समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन कर इस विषय में जानकारी दी जाती है. इस कार्यक्रम में लोगों को गर्भधारण के बचाव के बारे में बताया जाता है. गर्भनिरोधक का महत्व व गर्भनिरोधक तरीकों के बारे में विश्वसनीय जानकारी सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है. इसलिए डब्ल्यूसीडी का प्रारंभिक लक्ष्य अवांछित गर्भधारण को रोकने में विभिन्न गर्भनिरोधक तरीकों की क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है. अनपेक्षित गर्भधारण की रोकथाम मातृ स्वास्थ्य और मृत्यु की घटनाओं को कम करने, किशोर और अधिक उम्र के गर्भधारण में देरी करने, बच्चों के बीच अंतर रखने और यहां तक की सिफलिस , गोनोरिया, एड्स या एचआईवी जैसे यौन संचारित रोगों के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. इसके अलावा, अनपेक्षित गर्भधारण की दर को कम करके, गर्भनिरोधक असुरक्षित गर्भपात की आवश्यकता को भी काफी कम कर देता है.

**नियोजन संबंधी उपायों के प्रति करें लोगों को जागरूक-**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने कहा कि आमजनों के सहयोग के बिना जागरूक करना आसान नहीं है. उन्होंने बताया कि छोटा व सीमित परिवार खुशहाली का आधार है. परिवार नियोजन के कई साधन सुलभ होने के बावजूद इसके प्रति आम लोगों में जागरूकता की कमी है. लोगों को इसके प्रति जागरूक करते हुए नियोजन संबंधी उपायों को बढ़ावा दिया जा सकता है. इसके लिये वीएचएसएनडी साइट पर पहुंचने वाले ग्रामीण दंपतियों को उचित जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है. ताकि उन्हें इसके इस्तेमाल के लिये प्रेरित व प्रोत्साहित किया जा सके.

**परिवार की समृद्धि का आधार है छोटा परिवार-**

उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमार ने बताया कि परिवार की खुशहाली के लिये दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर, परिवार के आकार का छोटा व सीमित होना जरूरी है. इसके लिए योग्य लाभुकों की काउंसिलिंग जरूरी है. आम लोगों को छोटे परिवार के फायदे व परिवार नियोजन संबंधी उपलब्ध विकल्पों के प्रति जागरूक किया जाना जरूरी है. जो बढ़ती जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ परिवार व समाज की खुशहाली के लिहाज से जरूरी है. गर्भनिरोधक संबंधी उपलब्ध साधनों के महत्व से सभी को अवगत कराते हुए इसे अपनाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है. इसके लिये काउंसिलिंग महत्वपूर्ण है. इस दौरान नियोजन को लेकर उपलब्ध विभिन्न विकल्पों की जानकारी लाभुकों तक पहुंचाना जरूरी है. ताकि वे अपनी पसंद व जरूरत के हिसाब से इसमें से किसी एक का चयन कर सकें.

# कबाड़ी दुकानदारों को थाना में बुलाकर कर चोरी के समानों की खरीद-बिक्री के आवश्यक दिशा निर्देश मिला

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज थाना अन्तर्गत कबाड़ी दुकानदारों को थाना में बुलाकर एक बैठक किया गया। जिसमें किशनगंज थाना अन्तर्गत कुल 21 कबाड़ी के दुकानदार उपस्थित हुए थे। बैठक में सभी दुकानदारों को बताया गया कि विगत कुछ दिनों से किशनगंज थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। जिसमें साईकिल, मोटरसाईकिल, घरेलू सामान, खिड़की, लोहे का गेट, जेवर इत्यादि सामान की मुख्य रूप से चोरी की जा रही है। तथा चोरों द्वारा चोरी के सामानों को नजदीकी कबाड़ी के दुकानों में बेचने की बातें प्रकाश में आ रही है। इसीलिए चोरी के समानों की खरीद-बिक्री की रोकथाम हेतु सभी कबाड़ी दुकानदारों को बैठक में निम्नांकित दिशा-निर्देश दिये गये। सभी कबाड़ी दुकानदारों को अपने दुकान में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

सामानों की खरीद-बिक्री का प्रतिदिन का लेखा-जोखा रखने तथा समान खरीदने वाले एवं बेचनेवाले का नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर का स्पष्ट उल्लेख करने हेतु निर्देशित किया गया।

सभी कबाड़ी दुकानदारों द्वारा बैठक में दिये गये दिशा-निर्देश में अपनी सहमति दिखाते हुए कबड्डी बताया गया कि किसी भी प्रकार की चोरी / संदिग्ध सामानों की



खरीद-बिक्री नहीं करेंगे तथा दिये गये निदेशों का अनुपालन करेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर पुलिस को डायल 112 किशनगंज थाना के सरकारी मोबाईल नं. 9431822921 पर सूचित करेंगे। चोरी के समानों को न किसी से खरीदें और न ही किसी को बेचे। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर इसकी सूचना अविलम्ब अपने नजदीकी पुलिस थाना को दें।

# जिले में डेंगू की जांच व इलाज का समुचित इंतजाम, फिर भी एहतियात जरूरी

*–अब तक जिले में डेंगू के कुल 8 मरीज, फिलहाल 02 एक्टिव मरीज*

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

मच्छर जनित रोगों में डेंगू अति गंभीर रोगों की श्रेणी में आता है। वर्तमान में स्थानीय जिला समेत पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रसार जारी है. सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए लोगों को सर्तक और सावधान रहने की जरूरत है. क्योंकि, इस बीमारी से बचाव के लिए सही जानकारी के साथ-साथ सतर्कता और सावधानी ही सबसे बेहतर और कारगर उपाय है. इसलिए, सभी लोग इस बीमारी से सतर्क और सावधान रहें एवं बचाव से संबंधित उपाय का निश्चित रूप से पालन करें. अब तक जिले में कुल 08 डेंगू के मरीज मिले हैं. इसमें 06 मरीज डेंगू से जुड़ी चुनौती को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं. फिलहाल जिले में डेंगू के 02 एक्टिव मरीज हैं. दोनों मरीज का सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में समुचित इलाज जारी है. डेंगू मरीजों को सभी तरह की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार जरूरी पहल कर रहा है.

**डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिये विभाग अलर्ट –**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मंजर आलम ने कहा कि जिले में डेंगू को लेकर फिलहाल स्थिति सामान्य है. डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट है. इसे लेकर डेंगू संक्रमण के शिकार सभी मरीजों के घर के आसपास 500 मीटर के दायरे में फॉगिंग करायी जा रही है. संक्रमित सभी व्यक्ति के घरों में फॉगिंग संपन्न हो चुकी है. डेंगू मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार की गयी है. नियमित रूप से मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है. ताकि उन्हें समुचित चिकित्स्कीय सुविधा उपलब्ध करायी जा सके. उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों में संबंधित नगरपालिका व ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के स्तर से छिड़काव किया जा रहा है.

**जांच व इलाज का पर्याप्त इंतजाम –**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के दिशा निर्देश के आलोक में जिले में डेंगू की जांच व इलाज का समुचित इंतजाम उपलब्ध है. जिले के सभी पीएचसी व एपीएचसी स्तर पर डेंगू जांच से संबंधित सुविधा उपलब्ध है. डेंगू संबंधी मामलों के सत्यापन के लिये सदर अस्पताल में एलीजा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है. प्रारंभिक जांच में डेंगू का लक्षण उजागर होने पर सैंपल वैरिफिकेशन के लिये इसे सदर अस्पताल भेजा जाता है. जहां डेंगू का मामला सत्यापित होने पर मरीजों की समुचित जांच के बाद जरूरी चिकित्सकीय सुविधा उन्हें उपलब्ध करायी जा रही है.

**- डेंगू से बचाव के लिए सही जानकारी जरूरी :**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम ने बताया, आमलोगों के बीच डेंगू से बचाव के लिए सही जानकारी नहीं होने के कारण उनके लिए डेंगू शब्द ही खौफ का मुद्दा है. यदि इसके विषय में आम लोगों को पूरी जानकारी दी जाए तो लोगों के मन से डेंगू का भय खत्म हो सकता है. वहीं, उन्होंने बताया, एडीज नामक मच्छर के काटने से डेंगू बुखार होता है. यह मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है, जो अधिकांश दिन में ही काटता है. डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है. 3 से 7 दिन तक लगातार बुखार, तेज सर दर्द, पैरों के जोड़ों मे तेज दर्द, आँख के पीछे तेज दर्द, चक्कर एवं उल्टी, शरीर पर लाल धब्बे आना एवं कुछ मामलों में आंतरिक एवं बाह्य रक्तस्राव होना डेंगू के लक्षण में शामिल हैं. कुशल प्रबंधन एवं चिकित्सकों की निगरानी से डेंगू को जानलेवा होने से बचाया जा सकता है. इसलिए, जरूरी है कि डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह ली जाए. डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर बिना चिकित्सकीय सलाह के बुखार की दवा खाना खतरनाक हो सकता है.

**केवल 1 प्रतिशत डेंगू ही जान लेवा :**

सिविल सर्जन ने बताया कि डेंगू मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं. साधारण डेंगू, डेंगू हैमरेजिक बुखार एवं डेंगू शॉक सिंड्रोम , ज्यादातर लोगों को साधारण डेंगू ही होता है, जो कुछ परहेज करने से ठीक हो जाता है. डेंगू हैमरेजिक बुखार एवं डेंगू शॉक सिंड्रोम गंभीर श्रेणी में आते हैं. यदि इनका शीघ्र इलाज शुरू नहीं किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है. डेंगू हैमरेजिक बुखार एवं डेंगू शॉक सिंड्रोम में मरीजों के उपचार के लिए रक्तचाप एवं शरीर में खून के स्राव का निरीक्षण करना जरूरी होता है. राष्ट्रीय वेक्टर बोर्न रोग नियंत्रण विभाग के अनुसार 1 प्रतिशत डेंगू ही जानलेवा है, लेकिन बेहतर प्रबंधन के अभाव में डेंगू 50 प्रतिशत तक खतरनाक हो सकता है.

**- ऐसे करें डेंगू से बचाव :**

**- आस-पास साफ-सफाई रखें एवं घर में पानी जमा होने ना दें.**

**- सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें.**

**- बच्चों को फुल आस्तीन की कमीज एवं फुल पैंट पहनाएं .**

**- वाटर कूलर या नल के पास पानी जमा नहीं होने दें.**

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत विगत छः माह में चोरी हुए मोबाईल बरामद कर उसके धारक को किया गया वापस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

विगत छः माह में गुम हुए मोबाईल का सनहा शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज कराया गया था जिसकी बरामदगी हेतु पुलिस महानिदेशक, बिहार के निदेर्शानुसार जिला पुलिस, किशनगंज द्वारा एक टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए चोरी / गुम हुए 50 मोबाईल फोन को विभिन्न जगहों से पुलिस



द्वारा बरामद किया गया। दिनांक 26.09.2023 को किशनगंज थाना परिसर में ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद सभी मोबाईल फोन के वास्तविक धारक को पुलिस द्वारा सम्पर्क कर किशनगंज थाना में आमंत्रित किया गया, जिसमें तत्काल पहुँचे 40 मोबाईल को उचित पहचान पर उनके वास्तविक धारक को प्राप्त करा दिया गया तथा शेष बचे मोबाईल के धारक के आने पर उन्हें प्राप्त करा दिया जाएगा।

# अवैध ब्रेकर से गिरकर परीक्षार्थी भाई-बहन गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सासाराम- चौसा पथ पर मंगलवार को डिभियां गांव के समीप अवैध ब्रेकर से गिरकर परीक्षार्थी भाई बहन गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। जहां आनन-फानन में ग्रामीणों के सहयोग से पीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षार्थी छात्रा की गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। वही इस घटना में घायल मुकेश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि





तिलकपुर निवासी मुकेश कुमार अपनी बहन निक्की कुमारी के साथ बाइक से कोचस प्रखंड क्षेत्र में स्थित नौंवा कॉलेज में स्नातक की परीक्षा देने के लिए जा रहे थे। इस बीच डिभियां गांव समीप बने अवैध से गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। सीएचसी में जबकि उसकी बहन निक्की कुमारी के सिर में गंभीर चोटें लगने के कारण सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# दस दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल मीटर रीडिंग कर्मी का इलाज के दौरान मौत

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत खोडेया निवासी उपेन्द्र सिंह का पुत्र बिजली मीटर रीडिंग कर्मी विक्की कुमार का सोमवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। विदित हो कि दस दिन पूर्व पथलपुरा काली मन्दिर के समीप एक अनियंत्रित स्कॉपीयो ने बिजली मीटर रीडिंग कर्मी विक्की कुमार को टक्कर मार दी थी, जिसे वाराणसी के ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर गांव में जैसे पहुंची तो परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के घर संवेदना प्रकट करने वालों की भीड़ लगी हुई है। जानकारी के अनुसार मीटर रीडिंग का कार्य समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था कि एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई थी। बिजली मीटर रीडिंग कर्मी विक्की कुमार राजद नेता उपेन्द्र कुमार यादव का एकलौता पुत्र था। जिसके मौत से परिवार का चिराग बुझ गया। पुत्र के मौत पर मां मालती देवी की चित्कार और बार -बार मूर्छित होते देख उपस्थित लोगों की आंखें भर जा रही थी।। घटना की सूचना पर पहुंचे प्रखंड राजद अध्यक्ष शकील अहमद, मुखिया मिथिलेश सिंह, तेज नारायण पाठक, संतोष यादव, भोला कुमार, निर्मल पाठक, बच्चा सिंह यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के पिता को ढांढस बंधाया।

# तेज झरने के बहाव से बाइक सवार दो युवक नदी में बहे

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के सोमवार के शाम गुप्ता धाम दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालु झरना की तेज पानी के बहाव के चपेट में आने से दो श्रद्धालु बाइक के साथ दुर्गावती नदी में जा गिरे। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर गुप्ता धाम दर्शन करने के लिए गए थे। गायघाट के समीप पहाड़ी से गिर रही तेज झरना का पानी बह रहा था, जिसे देखकर एक व्यक्ति बाइक से उतर कर बोला कि पानी का रफ्तार तेज है इसलिए आधे घंटे के बाद हम लोग यहां से निकलेंगे। वहीं बाइक पर सवार दो लोगों ने बात नहीं मानी और पानी की तेज बहाव मे बाइक लेकर पार करने की कोशिश किया। जिससे दो लोग दुर्गावती नदी में मोटरसाइकिल के साथ गिर पड़े। वही तीसरा व्यक्ति पानी की रफ्तार कम होने के बाद गांव में आकर बताया उसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई। दोनों



श्रद्धालु थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी गुड्डू राम उम्र लगभग 40 वर्ष व दूसरा मल्हीपुर गांव निवासी बसावन साह के पुत्र रतन साह उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जाती है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम सूचना मिली कि दो श्रद्धालु गुप्ता धाम दर्शन कर लौट के क्रम में दुर्गावती नदी में गिर गए है। जिसके बाद पुलिस टीम गई लेकिन काफी रात्रि होने के कारण खोज भी नहीं किया जा सका। सुबह पुलिस की टीम गई तो बाइक को बरामद कर लिया गया है। वही दोनों लोगों का खोजबीन जारी है। अंचलाधिकारी चेनारी निशांत कुमार ने बताया कि गोताखोरों की टीम डेहरी से बुलाई गई है। वह लोग घटनास्थल की तरफ जा रहे हैं अगर उन लोगों के द्वारा खोज भी नहीं हो पा रही है तो कल एनडीआरएफ आरएएफ की टीम को बुलाया जाएगा।

# बारिश होते हीं शौण्डिक हाई स्कूल के मैदान में हो जा रहा है जल जमाव

*. विद्यालय प्रांगण में पांच अक्टूबर को निर्धारित जिलाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम अब होगा प्रखंड परिसर में*

*. 75 प्रतिशत उपस्थिति के फरमान से स्कूल में छात्रों की बढ़ गई है उपस्थित, नहीं मिल रहा बैठने की जगह जैसे- तैसे चलाया जा रहा काम*

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत स्थानीय बाजार स्थित शौण्डिक हाई स्कूल कई समस्याओं से जूझ रहा है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के हुए नामांकन के आधा छात्रों के भी कक्षा संचालन के लिए भवन मौजूद नहीं है। इतने सारे छात्रों को पढ़ाने के लिए मात्र दस शिक्षक हैं। हल्का सा बारिश होते हीं स्कूल के मैदान में जल जमाव हो जा रहा है। एक बार जल जमाव हो जाने पर मैदान को पुरी तरह सूखने में तीन से चार दिन लग जाते हैं। सूत्रों से मिले जानकारी के अनुसार आगामी पांच अक्टूबर को जिलाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम इसी विद्यालय में आयोजित होना प्रस्तावित है। बारिश नहीं हुआ तब तो स्कूल कैंपस का हालत ठीक रहेगा। अगर जन संवाद कार्यक्रम से एक दो दिन पहले जमकर बरसात हो गई तो इसका कार्यक्रम पर असर पडेगा। वहीं दुसरी तरफ शिक्षा विभाग से जारी स्कूल में छात्रो की 75 प्रतिशत उपस्थिति के फरमान के बाद छात्रों की उपस्थिति बढ़ गई है। परिणाम स्वरुप विद्यालय प्रशासन को काफी मेहनत करना पड़ रहा है।

**कहते हैं प्रधानाध्यापक -:**





हाई स्कूल प्लस टू के प्रधानाध्यापक रजनीश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष कक्षा नौ में 414,दस में 532 ग्यारह में 395 एवं बारह में 462 छात्र-छात्राओं का एडमिशन हुआ है। कुल 1803 छात्रों को पढ़ाने के लिए हाई स्कूल में आठ एवं प्लस टू के लिए मात्र दो शिक्षक मौजूद हैं। पठन-पाठन हेतु 70 छात्र-छात्राओं का एक सेक्शन तैयार हुआ है, लेकिन पढ़ाने लायक मात्र 11 कमरे हीं मौजूद है। जिस कारण काफी परेशानी हो रही है। 70 प्रतिशत छात्रों का प्रतिदिन एटेंडेंस लग रहा है। सभी छात्र-छात्राओं का क्लास व सेक्शन वाइज व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किए गए हैं। जिनके माध्यम से उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने हेतु चेतावनी जारी की जा रही है। इसका फायदा हुआ है कि छात्र अब अधिक संख्या में विद्यालय आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी टेस्ट एग्जाम शुरू है। जिसमें 95% बच्चे उपस्थित हो रहे हैं। उन्हें बैठकर परीक्षा का संचालन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा संचालित करने में सीनियर कक्षा के छात्रों की मदद लेना पड़ रहा है।

**कैसे होगा जिलाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम---**

**बारिश होते हीं बढ़ जा रही है परेशानी --**

प्रधानाध्यापक ने बताया कि बारिश होने पर विद्यालय संचालन में परेशानी बढ़ जा रही है। स्कूल के मैदान में मिट्टी भराव की आवश्यकता है। बारिश होने पर जल जमाव हो जा रहा है। जल जमाव होने का दुसरा सबसे महत्वपूर्ण कारण है कि दक्षिणी छोर पर स्थित चारदीवारी के समीप एक नाला बहता है, जिसका बहाव अवरूद्ध होने पर पानी मैदान में भर जाता है। बारिश समाप्त होने पर पानी को सूखने में तीन-चार दिन लग जाते हैं। पांच अक्टूबर को जिलाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में प्रस्तावित है। ईश्वर करें कि बारिश नहीं हो।

**कहते हैं बीडीओ----**

प्रखंड विकास पदाधिकारी रविराज ने बताया कि जनसंवाद के प्रस्तावित कार्यक्रम के स्थल में तब्दीली हुई है। अब कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड परिसर में होगा।

# अज्ञात चोरों ने बाइक की डिक्की तोड़ एक लाख रुपए की चोरी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को कोचस बाजार के बक्सर रोड से एक दवा दुकान के सामने पार्किंग की गई बाइक के डिक्की तोड़कर एक लाख रुपए चोर के द्वारा उड़ाने का मामला प्रकाश में आया है। वही किसान शिवपुर गांव के विपिन तिवारी बताए जाते हैं।

बताया जाता है कि विपिन तिवारी अपने पिता विश्वंभर तिवारी के साथ एसबीआई बैंक से पैसा निकासी कर अपने गांव जा रहे थे तभी दवा खरीदने के लिए सरकारी अस्पताल के गेट के निकट रुके। जैसे ही दवा




लेकर वापस मोटरसाइकिल के पास पहुंचे तो देखा कि उनकी बाइक की डिक्की टूटी हुई है। जहाँ से बैंक का पैसा निकासी का एक लाख रुपए गायब मिला। आनन-फानन में मामले में पीड़ित किसान विपिन तिवारी के द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस आवेदन मिलने के बाद जांच पड़ताल में जूट गई है।

# पुलिस ने अंतर राज्यीय गिरोह के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

## *गिरफ्तार आरोपियों के पास से 25 हजार रुपए नगद, बैगनार कार, अपाची बाइक तथा दो मोबाइल बरामद किया गया*

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नटवार बाजार स्थित पंजाब नैशनल बैंक शाखा नटवार से सोमवार को बैंक कर्मियों द्वारा एक अंतराज्यीय गिरोह के एक आरोपी को धर दबोचा। जिसके बाद पुलिस को सूचना देकर उसके हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि बैंक कर्मियों द्वारा शक के आधार पर शिवसागर थाना क्षेत्र के गिरधरियां निवासी चंद्रिका पांडेय का पुत्र जानू पांडेय को घर दबोचा। जिसके पास से 25 हजार रुपए नगद बरामद किया गया। उसने बताया कि गिरफ्तार जानू पांडेय से सघन पूछताछ के बाद उसके निशानदेही पर वे अपने सहोदर भाई विकास पांडेय, नालंदा जिला के गिरीयक थाना अंतर्गत पोखरपुर निवासी स्वर्गीय राजेश्वर पांडेय के पुत्र अनिल कुमार तथा पटना बख्तियारपुर निवासी स्वर्गीय राम अवतार पांडेय के पुत्र राम पुकार पांडेय का नाम बताया। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल छापेमारी करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त एक वैगनआर कार, एक अपाची बाइक तथा दो मोबाइल जानू पांडेय के घर गिरधारियां से बरामद किया गया है। जहां पुलिस ने वैगनआर कार एवं बाइक के मालिक की जांच कर रही है। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपियों ने बिहार के अलावे अन्य राज्यों में इस तरह की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 2012 में नोखा थाना तथा 2018 में ओबरा थाना द्वारा केस दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज चुकी है पुलिस आरोपियों का अपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है। पुलिस कंप्लेंट पर सभी गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज रही है।

# शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

## *जूटे कई विधायक,जनप्रतिनिधि व समाजसेवी*

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू पाण्डेय का जन्मदिन सोमवार की देर शाम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन के मौके पर पहुंचे करगहर विधायक सन्तोष मिश्रा, दिनारा विधायक विजय कुमार मण्डल, राजद अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य काबुल खान सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके आवास पर केक काटकर जन्मदिन मनाते हुए बधाई दी। वही मौके पर पहुंचे करगहर विधायक ने कहा कि वरिष्ठ समाजसेवी विवेक पांडेय किसी पहचान और तारीफ के मोहताज नहीं है। कोई भी सामाजिक कार्य हो जिले के विकास में सहयोग करने के लिए योगदान इन सभी कार्यों में सदैव ही आगे बढ़कर भाग लेते हैं। कई जनप्रतिनिधि ने आकर जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएँ दी। मौके पर बकसड़ा मुखिया गुलबासो पाण्डेय,



ऐसे वरिष्ठ समाजसेवी के जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं। वही दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि समाजसेवी कोई भी कार्य हो उसमे बढ़- चढ कर हिस्सा लेते हैं। समाजसेवी सभी लोगो को साथ लेकर चलते हैं। जन्मदिन पर मुखिया बिकास तिवारी, संतोष पाण्डेय, सोनू शर्मा, उमेश श्रीवास्तव, दीपक रंजन वर्मा, सत्यम पाण्डेय, रवि कुशवाहा, विकाश पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, सहित कई लोगो ने बधाई दिया।

# आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत 325 मरीज का चिकित्सकों के द्वारा किया गया उपचार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मंगलवार को आयुष्मान भवः के तहत विशेष कैंप लगाकर आए हुए मरीजों का रजिस्ट्रेशन कराकर सासाराम नारायण मेडिकल से आए चिकित्सको के द्वारा उपचार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति के निदेर्शानुसार आयुष्मान भवः योजना के तहत इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नारायण मेडिकल के कुल 16 डॉक्टर विभाग में औषधि विभाग, सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, शिशु रोग विभाग, नाक कान एवं गला विभाग,



नेत्र रोग विभाग, चर्म एवं रति रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, फामेर्सी विभाग, ओपीडी तथा सेंट्रल लैब विभाग के डॉक्टर उपस्थित हुए। वही प्रखंड क्षेत्र से आए हुए 325 मरीज का रजिस्ट्रेशन कराकर डॉ. के द्वारा उपचार किया गया साथ ही सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। मौके पर ब्लॉक हेल्थ मैनेजर मोतीउर रहमान, वरीय उपचार पर्यवेक्षक सोनू कुमार शर्मा, लिपिक मुकेश कुमार गुप्ता, राजेंद्र कुमार ,लेखपाल सुरेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, अमन कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रभु कुमार के साथ सभी आशा एवं एएनएम मौजूद थे।

# आयुष्मान भवः मेला में स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर के स्थानीय पीएचसी परिसर में बुधवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। जहां चिकित्सकों ने क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान लोहिया स्वच्छता मिशन अन्तर्गत कार्यरत प्रखंड के बरना,सियांवक,रोतवां,बरांव राजपुर व पडरिया पंचायत के स्वच्छता कर्मी व पर्यवेक्षकों ने ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर मो. दानिश के नेतृत्व में एक मुश्त मेला में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।पीएचसी मैनेजर संदीप कुमार ने बताया कि 26 सितम्बर को डॉ. सुशील कुमार,डॉ. राकेश कुमार,



सरकार से परिवार नियोजन सेवा पखवाडा मनाया जाना निश्चित हुआ है। जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्र पर आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत मेला का आयोजन हुआ। मौके पर बीसीएम मुकेश कुमार,अकाउंटेंट विनोद द्विवेदी,कर्मी नवीन गौतम,जीएनएम रीमा कुमारी समेत दर्जनों स्वच्छता कर्मी व अन्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पशु मेला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन पर मंगलवार को राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पशु मेला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। पशु मेला का उद्घाटन केंद्रीय क्षेत्र पटना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. दिवाकर प्रसाद के द्वारा किया गया। जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल रहे। रोहतास जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी राजेश चौबे के द्वारा भव्य कार्यक्रम किया गया। डॉ राजेश चौबे ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर घरेलू उपचार पर ध्यान दिया जाए तो पशु को कोई दिक्कत नहीं होगा। अगर उसके बाद भी रोग में कोई कमी नहीं आती है तो आप स्थानीय पशु चिकित्सक से सलाह ले सकते हैं। वही रोहतास जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने संबोधन में कहा कि चाहे कोई भी रोग हो उससे घबराना नहीं है। समय-समय पर मवेशी डॉक्टर से सलाह लेते रहना है। डॉ राजेश दुबे ने बताया कि लंपि बीमारी बड़ी तेजी से फैली हुई है। जिससे पशुपालक परेशान है पशुपालकों में घबराहट है लेकिन उसे घबराने की जरूरत नहीं है समय-समय पर आप डॉक्टर से सलाह लें नीम के पत्ता को उबाल कर उसी पानी से मवेशी को धोए। हालात का तेल का छिड़काव करें घरेलू उपचार करें। उन्होंने कहा कि मवेशी के दूध में फैट की कमी होती है अगर फैट की कमी हुई तो आप उसे कैल्शियम, दें मिनरल, दें। और मच्छर, मक्खी से बचने के लिए फ्लेयन का तेल का छिड़काव




करें। तथा मवेशियों के बांधने वाली स्थान पर हमेशा साफ सफाई रखें। हल्दी, तुलसी, काला, जीरा, स्नायक का पत्ता, गुड का चूर्ण बनाकर मवेशी को 50 ग्राम सुबह और 50 ग्राम शाम दिया जाए तो लंपी बीमारी से जल्दी छुटकारा पा सकते हैं। एंटीबायोटिक दवाई से बिल्कुल परहेज करें, एंटीबायोटिक हानिकारक भी ही सकती है। पशुओं को बीमार होने पर स्थानीय पशु चिकित्सक से जरूर सलाह ले या मौके पर रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया सूरत सिंह यादव, जिला पार्षद लाली यादव, डॉ. प्रदीप कुमार निराला, डॉ. दीपक सुवर्ण, डॉ. सीएनसी साहित्य पुर जिला के पशु चिकित्सा एवं कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचसी परिसर में मंगलवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज व अन्य रोगो की जांच की गई। टीबी, एनीमिया आदि बिमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अंगदान और रक्तदान के लिए लोगो को प्रेरित




किया गया। स्वास्थ्य मेले में सर्जरी ,मेडिसिन, आर्थो, पीडिया, स्किन व अन्य सभी विशेषज्ञ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मेलों में 210 मरीजो का उपचार किया गया। जिसमें 72 पुरुष एवं 86 महिलाएं, 52 बच्चे रहे। सभी उचित परामर्श और दवाएं दी गई। मौके पर मैनेजमेंट- कुमार शुभम ,फामेर्सी सोनू कुमार ,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तनवर , सर्जरी विभाग डॉ. उर्वशी कुमारी , सेंट्रल लैब टेक्नीशियन मो.अम्बर हुसैन उपस्थित थे।

# कोचस गाँधी चौक से पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त, चालक फरार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस पुलिस ने मंगलवार को कोचस नगर पंचायत के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गांधी चौक के समीप से एक ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया, जबकि चालक पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध बालू लदे एक महिंद्रा ट्रैक्टर को पार किया जा रहा है। पुलिस ने गांधी चौक के समीप धावा बोल बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टर को जब्त कर लिया जबकि चालक पुलिस को देख भागने में सफल रहा। वही पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाई जहां कानूनी प्रक्रिया पूरी कर चालक की तलाशी शुरू कर दी है।

# शराब कांड में फरार अभियुक्त ने न्यायालय मे किया सरेंडर

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस पुलिस के दबिश से शराब कांड मे संलिप्त फरार चल रहा एक शराब कारोबारी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के घर छापामारी कर 132 पीस एट पीएम फ्रूटी शराब बरामद की थी। जबकि पुलिस को देख शराब कारोबारी चकमा देकर फरार हो गया था। जिसमे पुलिस के द्वारा आरोपी के ऊपर कांड दर्ज कर लगातार दबिश बनाया जा रहा था कि आरोपी ने पुलिस के दबिश मे आकर मंगलवार के दिन अपने आप को न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया।

# फरार आरोपी को कोचस पुलिस ने किया गिरफ्तार , भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्व में चोरी के मामले मे फरार चल रहे एक अभियुक्त को कोचस पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के कुछीला गांव से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आमोद कुमार ने बताया कि लगभग तीन सप्ताह पूर्व साइकिल तथा मोबाइल चोरी मामले मे कुछिला गांव के रहने वाले पीड़िता ने चोरी कि प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त गांव से भुअर राम को गिरफ्तार कर लिया है। वही गिरफ्तार आरोपी पुलिस विशेष पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# स्वास्थ्य आयुष्मान भवः पखवाड़ा के अंतर्गत जांच मेला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र काराकाट गोडारी में आयुष्मान भवः पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नारायण मेडिकल कॉलेज सासाराम के द्वारा डॉक्टर का एक टीम भेज करके आम लोगों को बीपी, शुगर, वजन, इसीजी, बुखार, इत्यादि बीमारियों का जांच किया गया। वही जांच करने के बाद फ्री में दवा भी मुहैया कराई गई। फ्री जांच के साथ साथ क्षेत्र के आए रोगियों को उचित सलाह भी दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा एवं डीसीएम पूनम मेहता के द्वारा किया गया। मौके पर डॉक्टर कुमारी प्रियंका, डाटा ऑपरेटर नागेंद्र तिवारी, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता लगन और उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाने में लग रहे जिसमें गोडारी मंडल भाजपा अध्यक्ष अजीत सिंह के द्वारा जांच शिविर में काफी सहयोग दिया गया। जिसे स्थानीय लोगों ने खूब सराहा।

# निरीक्षण में उपस्थिति दर्ज कर बिना सूचना के विद्यालय से गायब मिले दो शिक्षक

## *बिहार की शिक्षा व्यवस्थाः ना कोई चिट्ठी, ना कोई संदेश सर जी कहा तुम चले गए..?*

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। बच्चों की कम उपस्थिति तो होती ही है, आज कल शिक्षक भी उपस्थिति दर्ज कर बिना कोई सूचना के गायब रहते हैं। ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के चिकसिल से है जहां विद्यालय में जांच करने गए काराकाट ब्लॉक के बी आर सी बीपीएम नवीन कुमार ने विद्यालय की जांच किया। तो जांच में पाया कि विद्यालय के एक शिक्षिका एवं एक शिक्षक उपस्थित विवारी में अपना उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से नदारत हैं। जब काराकाट बीपीएम ने प्रधानाध्यापक मुनीर आलम से पूछा तो अजीबोगरीब जवाब पाया। प्रधानाध्यापक के मुताबिक शिक्षिका एवं शिक्षक लगभग कितने महीना से विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से बिन बताए चले जाते हैं। प्रधानाध्यापक के मुताबिक उनको जानकारी नहीं दिया जाता है कि किस कारण दोनो जाते है। उन्हे कभी इस बात से अवगत नही कराया गया। दोनो शिक्षक एवं शिक्षिका प्रति दिन विद्यालय में उपस्थित विवरणी देकर विद्यालय से नदारद हो जाते हैं। प्रधानाध्यापक ने एक लिखित आवेदन दिया है जिसमें वह विवरण किया है कि शिक्षिका इशरत एवम शिक्षक हीरा साह दोनों विद्यालय में ऊपर स्थित विवरण में अपना हाजिरी बना करके विद्यालय से प्रतिदिन चले जाते हैं। वही इस मामले में बीपीएम नवीन कुमार ने बताया कि जांच में दोनों शिक्षक एवं शिक्षिका विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए है। इसको लेकर काराकाट बीपीएम ने एक लेटर बना करके वरीय पदाधिकारी को घटना से अवगत कराया दिया है। तथा कानूनी प्रक्रिया पूरा कर दोनों दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। अपको बता दे कि कुछ दिन पहले भी इस विद्यालय से मामला सामने आया था। जिसमे विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनीर आलम के द्वारा मिड डे मील का चावल बेचने का आरोप लगा था। लेकिन अधिकारियों के द्वारा उसे टाल मटोल कर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं किया गया। जिससे आम जनमानस में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मांग किया कि जो भी दोषी हो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। बिहार सरकार के आदेश तथा बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के आदेश के बावजूद भी अगर शिक्षक मानने को तैयार नहीं है। तो वरीय अधिकारियों को कानूनी हंटर चलाना होगा तब जाकर शिक्षा में गुणवत्ता दिखाई देगी।

# जुलूस में उन्मादी नारे और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा: पौआखाली थानाध्यक्ष

**समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

(किशनगंज) जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौवाखाली थाना परिसर में थानाध्यक्ष रंजन कुमार यादव के नेतृत्व एवं कमेटी अध्यक्ष मो फिरोज आलम के अगुवाई में पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिवस,जश्ने ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर मंगलवार को शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान थानाध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने जश्ने ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के मद्देनजर सभी को शांतिपूर्वक मिलजुल कर जुलूस संपन्न करने हेतु दिशा निर्देश दिए तथा असामाजिक तत्व एवं



हुड़दंग मचाने वाले को चेतावनी देते हुए कहा कि,अगर कोई भी किसी तरह का उपद्रव मचाते हैं तो,उनपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। जुलूस निकाले जाने के रूट चार्ट से लेकर समय अवधि का पूर्ण विवरण थाना पुलिस को देना होगा साथ ही, जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकाले जाने को लेकर जुलूस निकालने वाले कमेटी को स्वयंसेवक की सूची भी स्थानीय प्रशासन को देनी होगी। जुलूस के साथ चलने वाले स्वयंसेवकों के पास पहचान पत्र होना अनिवार्य होगा। साथ ही उन्मादी नारे लगाने एवं डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।इस पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। आयोजित शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से जुलूस कमिटी अध्यक्ष फिरोज आलम, उपाध्यक्ष मो फखरुद्दीन सिद्दीकी,सचिन,असलम आजाद,उपसचिव मो अख्तर, कोषाध्यक्ष मो नफीस आलम,सह कोषाध्यक्ष मो नसीम रजा,मीडिया प्रभारी मो शहंशाह आलम तथा सदस्यों में मो मुसरफ आलम,मो कलाम,मो नजीर,समसूल हक, तबरेज आलम,सोनू ,सरपंच अस्फाक आलम, रियाज अहमद, वार्ड सदस्य सोनू,मो कासिम आलम, ऐनुल हक के अलावा कई ग्रामीण मौजूद रहें।

# "हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना" की थीम के साथ मना विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

पर्यावरण स्वास्थ्य सार्वजनिक स्वास्थ्य की एक महत्वपूर्ण शाखा है जो मनुष्यों और उनके पर्यावरण के बीच संबंध की जांच और बढ़ाने पर केंद्रित है। यह हमारे दैनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं को शामिल करता है, जिसमें हमारे रहने की जगह, भोजन, परिवेश और हवा शामिल है. जिसे हम सांस लेते हैं. इसी को जागरूक करने के उद्देश्य से सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर के दिशा निर्देश में जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते बताया कि इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हेल्थ ने 2011 में विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की घोषणा की। 26 सितंबर को पर्यावरणीय स्वास्थ्य चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक दिन के रूप में नामित किया. तब से प्रत्येक वर्ष 26 सितम्बर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष की थीम वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना के साथ मनाया गया है। उक्त कार्यक्रम में गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर आलम, आरपीएम कैसर इकबाल, डीपीसी विश्वजीत कुमार, नवाज शरीफ, पिरामल के अश्वनी पटेल एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए.

**विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्यः-**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि पर्यावरण स्वास्थ्य का तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र की भौतिक, रासायनिक, जैविक और सांस्कृतिक स्थिति से है. खराब वायु गुणवत्ता, पारिस्थितिक विविधता का नुकसान, रासायनिक असंतुलन आदि जैसे पहलू किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं. पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करने के लिए, प्रत्येक वर्ष 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है. हर साल 26 सितंबर को, विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनुष्यों और उनके पर्यावरण के




बीच जटिल संबंधों को उजागर करने के लिए मनाया जाता है. यह वार्षिक पालन हमारे कल्याण पर हमारे परिवेश के गहन प्रभाव पर जोर देता और इसका उद्देश्य दुनियाभर में स्वस्थ और सुरक्षित समुदायों को बढ़ावा देना है.

स्वस्थ समुदायों को बढ़ावा देनाः पर्यावरण स्वास्थ्य उन समुदायों को बनाने का प्रयास करता है जो न केवल सुरक्षित हैं बल्कि समग्र मानव और पर्यावरणीय कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भी अनुकूल हैं.

मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देनाः पर्यावरणीय कारकों को संबोधित करके, यह मानव स्वास्थ्य में सुधार और सभी के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है.

**विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का महत्व-**

कार्यक्रम में जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया कि विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हमारे स्वास्थ्य और कल्याण पर हमारे पर्यावरण के गहरे प्रभाव की एक मार्मिक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है. यह व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से मनुष्यों और पर्यावरण के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई करने का आह्वान करता है, जिससे सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित हो सके. साथ ही निम्न बातों को भी बताती है -


इंटीग्रल कनेक्शनः पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच अविभाज्य लिंक को समझना महत्वपूर्ण है. यह एक स्थायी और हरित वसूली में निवेश के महत्व को रेखांकित करता है जो सभी समुदायों को लाभान्वित करता है.

- संतुलन बनानाः जैसा कि हमारी दुनिया बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, मानवता के लिए हमारे पारिस्थितिक तंत्र में संतुलन बहाल करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाना अनिवार्य है.
- कोविड-19 रिकवरीः विश्व स्वास्थ्य संगठन का "कोविड-19 के स्वस्थ स्वास्थ्य लाभ के लिए घोषणापत्र" स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने में वैश्विक गति को भुनाने की आवश्यकता पर जोर देता है.
- एसडीजी और पर्यावरण स्वास्थ्यः सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. यह 7 एसडीजी के साथ संरेखित है. इसमें 19 लक्ष्य शामिल हैं, और 30 संकेतकों से संबंधित है. जो वैश्विक विकास में इसके महत्व को रेखांकित करता है.

# डीएम के आदेश का दो माह बाद भी अनुपालन नहीं

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार सरकार की महत्वपूर्ण योजना सर्वे जो बंदोबस्त कार्यालय किशनगंज द्वारा किया जा रहा है। समाहर्ता सह बन्दोवस्त पदाधिकारी, किशनगंज ने अपने ज्ञापांक 35- !! दिनांक 12-07-2023 द्वारा कुल 07 (सात) अमीन की प्रतिनियुक्ति शिविर में किया गया है। जिसमें अंचल अधिकारी पोठिया एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी किशनगंज के द्वारा अनुज कुमार को बहादुरगंज एवं मिथिलेश कुमार गुप्ता को कोचाधामन के लिए विरमित कर दिया गया है।




**इसी कड़ी में अन्य अमीन**

विष्णु कुमार जयसवाल, मिथुन कुमार पासवान, कुमोद कुमार, नागमणि कुमार, विजय कुमार पासवान को अंचल अधिकारी किशनगंज, पोठिया, ठाकूरगंज, कोचाधामन, दिघलबैंक द्वारा अध्यतन विरमित नहीं किया गया है। जो समाहर्त्ता के आदेश माह- जुलाई 23 से प्रभावी है। किन्तु अब तक अंचल अधिकारी द्वारा जानबुझ कर अंचल अमीनो को विरमित नहीं किया जा रहा है। जिससे सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रभावी हो रही है।

# सिलीगुड़ी से अपहृत नाबालिगो डालखोला से बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**उत्तम सिंह:संवाददाता:दैनिक समाज जागरण:ब्यूरोचीफ( दार्जिलिंग):**

सिलीगुड़ी से अपहृत हुई नाबालिगो को प्रधान नगर थाने की पुलिस ने बिहार-बंगाल बॉर्डर डालखोला से सही सलामत बरामद कर लिया है। वहीं, पुलिस ने अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम एमडी अख्तर है। वह बिहार का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि एमडी अख्तर काम को लेकर सिलीगुड़ी आता जाता रहता था। इसी दौरान प्रधान नगर थाना अंतर्गत इलाके की रहने वाली एक 13 वर्षीय नाबालिगो पर उसका दिल आ गया। आरोप है कि इसके बाद वह नाबालिगा को बहला फुसलाकर सोमवार को सिलीगुड़ी से लेकर चला गया।



इधर, नाबालिगा को घर में नहीं पाकर परिवार चिंतित हो गये। परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की। जिसे पर परिवार को पता चला कि एक युवक उसे बिहार ले जा रहा है। जिसके बाद नाबालिगा के परिवार की तरफ से प्रधान नगर थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई गई।

दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और महज कुछ घंटों में डालखोला पुलिस की मदद से नाबालिगा को बिहार-बंगाल बॉर्डर डालखोला से सही सलामत बरामद कर लिया। वहीं, नाबालिगा के अपहरण के आरोप में एमडी अख्तर को गिरफ्तार कर लिया। आज गिरफ्तार आरोपी को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

# 54 फीट की कांवड़ में कहलगांव से जल लेकर बाबा बासुकीनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए।

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार शाह**

महगामा /मेहरमा झारखंड प्रखंड के सिंघाड़ी ग्राम के लगभग 400 ग्रामवासियों ने 54 फीट की कांवड़ में कहलगांव से जल लेकर बाबा बासुकीनाथ को जलाभिषेक हेतु जाने के क्रम में महागामा शाम 4 बजे पहुंचे। भाजपा नेता अशोक कुमार सिंह के द्वारा अपने आवास पर सभी शिव भक्तों की सेवा किया गया एवं सभी भक्तों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। बाबा बासुकीनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करें पूरे विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली हो हर हर महादेव इस मौके भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला महाविद्यायलीन प्रमुख शुबेंदु शेखर , सह खंड कार्यवाह रामेंद्र भारती , शारीरिक प्रमुख निलेश कुमार विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विवेक भगत, जिला



प्रसार प्रचार प्रमुख रोबिन कुमार, विजय प्रताप,बजरंग दल सह जिला संयोजक प्रेम कुमार स्वदेशी जागरण मंच के जिला विचार मंडल प्रमुख मोनू दुबे, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रौनक जयशवाल, विनय भगत, कैलाश टेकरीवाल व दर्जनों समाज सेवी व कार्यकता मौजूद थे।

# नव पद स्थापित अंचल अधिकारी पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया

**समाज जागरण मनोज कुमार साह**

गोड्डा झारखंड समाज जागरणमनोज कुमार शाहप्रखंड सह-अंचल कार्यालय भवन गोड्डा स्थित अंचल अधिकारी में नवपदस्थापित अंचल अधिकारी अनिल रविदास सर को कुडमी विकास छात्र मोर्चा के द्वारा माला पहनाकर बुके देकर सम्मानित किया गया।मौके पर नव पद स्थापित अंचल अधिकारी अनिल रविदास ने कहा की प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी सीधे जनता से जुड़े रहने के कारण सरकार की जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका होती



है। कहा कि मेरी प्रथम प्राथमिकता जमीन संबंधी विवाद को सही तरीके से सुलझाना होगा। उन्होंने कहा कि सबका सहयोग से इस अंचल के गरीब लोगों को किसी कार्य में परेशानी नहीं हो । मौके पर उपस्थित कुडमी विकास छात्र मोर्चा गोड्डा के जिला सचिव सोनू कुमार महतो ने कहा कि यह एक मृदुभाषी पदाधिकारी है यह हमेशा गरीब लोगों की सेवा में तत्पर रहेंगे ऐसा विश्वास न है मुझे मौके पर उपस्थित मनोज कुमार महतो, प्रमोद महतो एवं अन्य मौजूद थे।

# डकैती से पहले पुलिस के हत्थे चढ़े पहाड़ के चार बदमाश।

**रंजीत कुमार पोद्दार : दैनिक समाज जागरण : संवाददाता**

नक्सलबाड़ी : बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए डकैती की योजना बनाते पुलिस ने सोमवार रात को नक्सलबाड़ी के टुकुरिया मोड़ से चार डकैतों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम शुभम तमांग (27), विशाल छेत्री (20), सुदीप देवान (30) शिवम तमांग (27) है। ये सभी सुखियापोखरी के पोकरेबोंग का रहने वाला है। बताया गया है कि गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि लूट के इरादे से कई युवक टुकुरिया मोड़ पर जमा हुए हैं। इसी के आधार पर पुलिस ने इलाके में अभियान चलाया। इसी बीच पुलिस की आने की भनक मिलते ही बाकी लोग भाग गये, लेकिन पुलिस ने चार युवकों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से 3 रॉड, 2 चाकू और 1 हथौड़ा बरामद किया गया है। घटना में पुलिस ने एक छोटी चारपहिया वाहन भी जब्त किया है। आज आरोपियों को सिलीगुड़ी महकमा अदालत में पेश किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



# महिला बिल पर भी वर्तमान सरकार कर रहे हैं जुमलेबाजी प्रवीण सिंह कुशवाहा तो कुछ जन प्रतिनिधि तथा आम जनों का राय

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार) महिला आरक्षण को लेकर पटना पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस से युवा नेता भी हैं प्रवीण सिंह कुशवाहा ने गर्म जोशी के साथ मीडिया के महिला आरक्षण प्रश्न पर बेबाक निर्भिक होकर कहते है। महिला आरक्षण बिल का सपना इंदिरा गांधी श्री राजीव गांधी एवं सोनिया गांधी ने देखा था ,

वह सकार हो रहा है ।लगातार कांग्रेस सरकार ने महिला आरक्षण व महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का काम किया है। श्री कुशवाहा आगे कहते हैं ताकि महिला देश में सामने लाया जाए । महिला आरक्षण को लेकर विशेष शास्त्र बुलाया गया था, लगता था कि कल से ही महिला को आरक्षण मिलने लगेगा लेकिन उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का बिल इमिटेशन होगा ,तब ये आरक्षण दिया जाएगा। इसका मतलब साफ है ,कि जैसे जुमलेबाजी पहले करते आ रहे हैं, हर मुद्दे पर आज भी जुमलेबाजी कर रहे हैं ।बीजेपी इतनी ही संस्कारी पार्टी तो उस समय क्यों नहीं समर्थन किया। जब कांग्रेस लोकसभा में महिला आरक्षण बिल लेकर आया था। महिलाएं सबकुछ समझ रही है ।वर्तमान सरकार जुमलेबाजी करते आ रहे हैं ।देश की महिलाएं जाग चुकी है। वर्तमान सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है ।इसके सिवाय कुछ नहीं आने वाले लोकसभा चुनाव में यही महिला खुद निर्णय लेगी की वर्तमान सरकार की। करियर मार्ग दर्शन डायरेक्टर शिवम कुमार सिंह कहते हैं महिला आरक्षण होने से महिला को कई तरह का लाभ मिलेगा। जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी सचिव फिरदौस अहमद कहते हैं समाज में महिला को इसका अधिकार देखने को मिलेगा। देवघर पूर्व 02जिला प्रत्याशी जगदीश राय ने कहा की महिला आरक्षण बिल का हम समर्थन करते हैं। लेकिन समाज के और भी कैटिगरी के लोग इस आरक्षण के लाभ से वंचित रह गए हैं ।भाजपा सरकार कि इतने दिनों के बाद कम से कम आंखें तो खुली क्योंकि आगे चुनाव है यह सब एक



चुनावी संयंत्र भी कहा जा सकता है। शिव आईटीआई के डायरेक्टर फुलेंद्र झा ने कहा कि महिला आरक्षण देश व समाज के हित में। देश की आधी आबादी की सहभागिता होना जरूरी था सरकार द्वारा पहला किए गए इस कानून का हम समर्थन करते हैं ।नाथनगर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री पप्पू यादव ने कहा महिला आरक्षण का हम जोरदार स्वागत करते हैं लेकिन इस देश कि बढ़ी महिला आबादी इस आरक्षण से वंचित रह जा सकते हैं ।इसलिए मेरा मानना है कि इस आरक्षण में ओबीसी रिजर्वेशन भारत में बड़ी महिला आबादी को इस रिजर्वेशन में शामिल करना चाहिए दूसरी बात है कि भारत में जाति जनगणना कर इसे लागू करना चाहिए इस बिल में अगर ओबीसी को जगह नहीं मिला तो ओबीसी कम्युनिटी का अपमान होगा सवाल उठता है कि इस देश में कितने ओबीसी है कितने दलित है और कितने आदिवासी है इन सब का जवाब सिर्फ जाति जनगणना से ही मिल सकता है इस देश में जिसकी जितनी जनसंख्या उसकी उतनी भागीदारी होनी चाहिए। 33% आरक्षण महिलाओं को दिया गया है तो उन्हें जाति आधार पर सुनिश्चित कर देना चाहिए। नगर निगम भागलपुर तिलकामांझी 32 नंबर वार्ड के पूर्व वार्ड पार्षद श्री प्रसेनजीत कुमार सिंह उर्फ हंसल सिंह कहते है कि महिला आरक्षण से देश व समाज के महिलाओं को एक विशेष सम्मान मिला है। हम महिला आरक्षण का स्वागत कर समर्थन करते हैं।

सिविल कोर्ट भागलपुर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण से महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ेगा हम महिला आरक्षण का स्वागत करते हैं। शहर के जाने माने जनरल सर्जन डॉ मनोज राम कहते हैं महिला आरक्षण कम स्वागत करते हैं। अभी बिल जो ला रहे हैं इसमें महिला का सशक्तिकरण होना चाहिए समाज में महिला और पुरुष दोनों का सशक्तिकरण हो, अभी तक सहभागिता 14 से 15% ही रही है 33 परसेंट लाना है इनको। वही डॉक्टर प्रतिभा केसरी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल से काफी खुश है।

# बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने पर 5 दिन से गंगापुर गांव में लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं पानी की हुई किल्लत।

**समाज जागरण**
**प्रखंड संवाददाता विकास कुमार**

सुल्तानगंज बिहार नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड संख्या 20 21 के गंगापुर गांव में बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने पर 5 दिन से ग्रामीण अंधकार में जीवन यापन कर रहे हैं इस मामले में ग्रामीणों ने बताया कि 5 दिन पूर्व भारी बारिश होने पर बिजली का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जो गांव में रात्रि बिजली नहीं रहने पर बच्चों का पठान-पाटन एवं पानी की कील होने पर किसी तरह हम लोग जीवन यापन कर रहे हैं बिजली विभाग को




सूचना देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शंकर दास एवं जदयू नेता मनीष कुमार ने भी कहा कि बिजली विभाग के पदाधिकारी को सूचना दिया गया है तब भी अब तक बिजली ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया है जिससे ग्रामीण जनता त्राहिमाम हो गए हैं इसकी सूचना स्थानीय विधायक प्रोफेसर डॉ ललित नारायण मंडल जी को अवगत कराते हुए जल्द कार्रवाई होने की मांग करने की बात कही इस दौरान तमाम ग्रामीण मौजूद थे।

# पानीटंकी चौकी की पुलिस द्वारा छापेमारी में ब्राउन शुगर के साथ 1 युवक को गिरफ्तार।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

खोरीबाड़ी : खोरीबाड़ी थाना के पानीटंकी चौकी की पुलिस द्वारा छापेमारी में ब्राउन शुगर के साथ 1 युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति



पानीटंकी हबलदार बस्ती निवासी चंदन बर्मन (33) बताया गया। मिली जानकारी अनुसार गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर पानीटंकी रेलगेट इलाके में संदिग्ध एक चार पहिया वाहन को रोका गया। उक्त वाहन से तलाशी के दौरान 132 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके बाद ब्राउन शुगर सहित वाहन को जब्त करते हुए युवक को गिरफ्तार कर को खोरीबाड़ी थाने लाया गया। खोरीबाड़ी थाने में मामले को दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई करते हुए गिरफ्तार युवक को मंगलवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया। पुलिस जांच में जुट गई है।

# कृष्णानंद सूर्य मल इंटर विद्यालय के छात्र ने प्रमंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में लहराया प्रपंच।

**समाज जागरण प्रखंड संवाददाता**
**विकास कुमार**

सुल्तानगंज बिहार के कृष्णानंद सूर्य मल इंटर स्तरीय विद्यालय के छात्र अमन बिहारी ने प्रमंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम पुरस्कार लेकर विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया मस्जिद गांव के रहने वाले कक्षा 9 के छात्र अमन बिहारी ने बताया कि प्रमंडल स्तरीय विज्ञान संकोष्ठी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर भागलपुर के क्षेत्र शिक्षा उप निदेशक कुंदन कुमार जी के द्वारा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया अब पटना के एससीआरटी मैं होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान आने के लिए तैयार जोड़ शोर से की जा रही है की बताया कि साथ ही कृष्णानंद सूर्यमल इंटर विद्यालय के मार्गदर्शक शिक्षक डॉ अजय कुमार ने बताया कि हमारे स्कूल के छात्र अमन बिहार ने विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में प्रखंड एवं जिला



स्तरीय प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में पर प्रथम आने पर पर विद्यालय का नाम एवं शहर का नाम रोशन किया अब राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता की तैयारी जोर-जोर से की जा रही है जो आने वाले राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतीक्षा में प्रथम स्थान होने की उम्मीद देखी जा रही है इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि शेखर शिक्षक चंद्रशेखर चौधरी कृष्ण मोहन शुक्ला गौतम श्रीमती सर्वनाम मोहम्मद शाहावाज राजकिशोर विमल किशोर भारती सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# मड़वा में पांच दिवसीय भादो महोत्सव मेला 29 से, मेला कमिटी की हुई बैठक

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर-( बिहार) मंगलवार को प्रखंड के बज्रलेश्वरनाथ धाम मड़वा में पांच दिवसीय भादो महोत्सव मेला को लेकर मंदिर परिसर में कमेटी व ग्रामीणों की एक बैठक हुई ।बैठक में भादो महोत्स मेले की तैयारी की रूपरेखा पर चर्चा कर उसकी समीक्षा भी की गई ।वहीं मुखिया प्रतिनिधि नरेश चौधरी,कमेटी के सचिव श्यामसुंदर राय समेत डब्लू राय व गोपाल चौधरी ने बताया कि भादो मास की पूर्णिमा तिथि को यहां लगने वाला भादो मेला राज्य प्रसिद्ध है ।इस बार यहां यह मेला 29 सितंबर से तीन अक्टूबर तक चलेगा।भादो पूर्णिमा पर यहां जलार्पण करने श्रद्धालुओं की अपार भीड़ पहुंचती है ।वहीं यहां का मेला भी पूरे पांच दिनों तक रहता है ।इस मेले में खासकर घरेलू समानों जैसे लकड़ी के बने पलंग,चौकी,कुर्सी,संदूक आदि की बिक्री मेला संपन्न होने बाद भी जारी रहती है ।वहीं इस भादो महोत्सव मेला की तैयारी में बैठक में अजीत कुमर,विजय,विलाश,सुधीर पासवान,पप्पू राय व अखिलेश मंडल आदि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सह सरपंच मनोहर चौधरी व संचालन कोषाध्यक्ष सह पंसस विमल शर्मा ने किया।

# बांका करझौसा स्थित आदिवासी सुविधा केंद्र के मशरूम उत्पादन को लेकर दूसरा बैच के परीक्षण का किया गया शुभारंभ

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका( बिहार) डीएम अंशुल कुमार के निर्देश पर आत्मा बांका के द्वारा आयोजित करझौसा स्थित आदिवासी सुविधा केंद्र में मशरूम उत्पादन को लेकर दूसरे बैच के परीक्षण का शुभारंभ किया गया इस दौरान कूल 60 अभ्यर्थी भाग में हिस्सा लिया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सहायक निर्देशक उत्थान बांका उप परियोजना निर्देशक बांका प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक आदि ने किया मशरूम उत्पादक परीक्षण को लेकर उपरांत सभी से इसका लाभ लेने के लिए अपील की गई, उत्थान विभाग ने 90% प्रतिशत अनुदान दिए जाने के प्रावधान के बारे में सभी को जानकारी दी गई!

# 12वीं शरीफ पर जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति कि हुई बैठक

**समाज जागरण**
**श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर-( बिहार) गुरूवार को प्रखंड में 12वीं शरीफ पर विभिन्न गांवों से निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई ।इंस्पेक्टर विनय कुमार व राजकुमार सिंह की मौजूदगी में बैठक का संचालन थानाध्यक्ष राजेशरंजन कुमार ने किया ।बैठक में जुलूस के निकलने वाले रूट व समय का पालन करने पर बल दिया गया ।वहीं बताया गया कि इस बात का ख्याल रखा जाय कि जुलूस के दौरान ऐसा न हो कि जुलूस के कारण किसी को कोई परेशानी हो ।इंस्पेक्टर ने बाईक जुलूस निकालने वालों को इस दिशा में खास ताकीद किया ।बैठक में जिप मोईन राईन,जिप प्रतिनिधि चंदन भारद्वाज,मो.ईरफान आलम,मुखिया



मनोज लाल,मो.सलाहुद्दीन, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण उर्फ फोर्ड,पंसस प्रतिनिधि मु.गुफरान,मो.जावेद समेत असद राही,फिरोज व मो.तबरेज आदि समेत एसआई विकास कुमार व फिरोज खान की उपस्थिति थी ।ज्ञात हो कि इसको लेकर तीन दिन पूर्व प्रखंड के मंगन शाह इस्लामिया मदरसा मिलकी में हुई बैठक में मोहम्मदी जुलूस को लेकर रूट व समय समेत सभी रूपरेखा तय कर लिया गया है ।वहीं निर्णय लिया गया कि जुलूस में डीजे नहीं बजेगा ।जुलूस में इस्लामिक झंडे के साथ लोग राष्ट्रीय तिरंगा को भी लेकर चलेगें ।कहा गया कि जुलूस पूरी तरह से शालीनता के साथ निकलते हुए बिहपुर रेलवे स्टेशन गोलंबर,बाजार,खानकाह होते हुए मिलकी में दाता के मजार परिसर में पहुंचकर संपन्न होगा।

# 27 सितम्बर की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षक करें प्रतिभाग:- डीआईओएस

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग फिरोजाबाद के तत्त्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन एवं सानिध्य में 31 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस- 2023 के विद्यालय स्तरीय एवं जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन के कार्यक्रम सम्पन्न किए जा रहे हैं। डीआईओएस डॉ निशा अस्थाना ने जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में अपने विद्यालय के एक विज्ञान शिक्षक को दिनाँक 27 सितम्बर 2023 को अपराह्न 1 बजे राजकीय हाई स्कूल सिविल लाइन, दबरई फिरोजाबाद में भेजना सुनिश्चित करें।

जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कोई मॉडल नहीं बनना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में निम्न आयु वर्ग 10- 14 वर्ष तथा उच्च आयु वर्ग 14- 17 वर्ष होते हैं। एक समूह में अधिकतम दो प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। जिसमें एक समूह प्रमुख एवं एक समूह सदस्य रहेगा। उन्होंने जनपद के सभी प्रधानाचार्यों को आमंत्रण के साथ अपील की है कि प्रोजेक्ट प्रदर्शन से सम्बंधित अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए शिक्षक साथियों को अवश्य भेजकर वैज्ञानिक कार्यों को अग्रिम दिशा प्रदान करें।

# जनपद के किसानों की जरूरत के हिसाब से उन्नतिशील कृषि यंत्र की उपलब्धता को बढ़ाया जाए।

*जिलाधिकारी ने आत्मा योजना की बैठक में किसानों को राज्य से बाहर कृषि विश्व विद्यालय, अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण कराए जाए और बनाए जाए प्रगतिशील किसान।*

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा० उज्वल कुमार की अध्यक्षता में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा, योजना गवर्निंग बोर्ड व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आत्मा योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कार्यों व प्रगति की जानकारी जिला कृषि अधिकारी व प्रभारी उप कृषि निदेशक से जाना, जिस पर कृषि अधिकारी ने बताया कि आत्मा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 की जिला कृषि कार्य योजना का मदवार विवरण 202.00 लाख रुपए के प्रस्ताव प्रस्तुत किये जिसमें कृषकों के प्रशिक्षण, एक्सप्रोजर विजिट राज्य के अन्दर, राज्य के बाहर कराने, प्रदर्शन, कृषक वैज्ञानिक संवाद, कृषक गोष्ठी आदि के आयोजन के प्रस्ताव रखे, जिसमे कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतुं कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अनुसंधान केन्द्रों पर भेजे जाते है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कृषकों की मांग के अनुसार ही भ्रमण कार्यक्रम बनाये जाये। उन्होने 8 से 10 अक्टूबर 2023 को कानपुर कृषि विश्व विद्यालय में आयोजित मिलेट्स मेले में भेजने हेतु निर्देशित किया। उन्होने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के किसानों की जरूरत व उनकी मांग के हिसाब से उन्नतिशील कृषि यंत्रों का प्रस्ताव बनाकर विभाग को



भिजवाया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में आलू को बडे पैमाने पर उगाया जाता है, किसानों की मांग के अनुसार आलू के अच्छे उन्नतिशील बीज जनपद में मंगाने के लिए विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए।

प्रगतिशील कृषक राजेश कुमार जी द्वारा आलू बीज उत्पादन एवं मिर्च उत्पादन की नवीनतम तकनीकी प्रशिक्षण के लिये भ्रमण कार्यक्रम आलू अनुसंधान केन्द्र कुफरी शिमला एवं सोनीपत का प्रशिक्षण भ्रमण का कार्यक्रम कराने का अनुरोध किया गया, कृषक राजेश प्रताप नारखी ने शिमला एवं आलू की फसल के लागत व लाभ के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को बताया की शिमला मिर्च एवं अचारी मिर्च में अधिक लाभ मिल रहा है।

उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा० ओमकार सिंह, एक्सईएन सिंचाई ए के सिंह, अधिशासी अभियन्ता मत्स्य, क्षेत्राधिकारी वन, अध्यक्ष जिला उर्वरक विक्रेता संघ फिरोजाबाद, प्रगतिशील कृषक तथा कृषि विभाग के कर्मचारी बी०टी०एम एवं कार्यालय स्टाफ द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया।

# अग्रहरि समाज के संरक्षक मंडल एवं पदाधिकारियों ने किया मनोनीत एवं शपथ ग्रहण

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

आज दिनांक 25/09/2023 दिन सोमवार को अग्रहरि समाज फतेहपुर की जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम जिले के आईटीआई रोड स्थित राम भवन फतेहपुर प्रांगण में पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्त जी के आवास में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व न्याय मंत्री एवं राष्ट्रीय संरक्षक अग्रहरि समाज के माननीय राधे श्याम गुप्त जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री अग्रहरि समाज के माननीय कुल भास्कर अग्रहरि जी उपस्थित रहे। वहीं जिले के संरक्षक अग्रहरि समाज के पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल अग्रहरि वा प्रेमचंद अग्रहरि जी उपस्थित रहे । साथ ही नगर संरक्षक राजेश कुमार गुप्त एवं ओमप्रकाश गुप्त तथा वेद प्रकाश गुप्त जी के संरक्षण में जिला कार्यकारिणी का मनोनयन एवं शपथ ग्रहण संपन्न हुआ । इस शुभ अवसर पर सर्वप्रथम विघ्न हरण गणपति बप्पा वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया । तत्पश्चात कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी क्रमशः जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार गुप्त जी जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश गुप्त जी (बबलू जन सेवक) जिला महामंत्री अनीत कुमार अग्रहरी जिला कोषाध्यक्ष विमल गुप्त वहीं महिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष नीता गुप्ता, महामंत्री मोनी गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष विनोदिनी गुप्ता, नगर अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्त, महामंत्री रितेश गुप्त, (शोल्डी) महामंत्री अवनीश गुप्त, (मोंटी) कोषाध्यक्ष अजय गुप्त,( रिंकू ) साथ ही युवा जिला अध्यक्ष आयुष अग्रहरि उपाध्यक्ष शिवम अग्रहरि महामंत्री अभिषेक अग्रहरि जिला कोषाध्यक्ष राहुल अग्रहरि एवं जिला मीडिया प्रभारी सुनील गुप्त, व सुशील गुप्त, आदि सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया । वही इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए अग्रहरि समाज के पदाधिकारियों को एकता और अखंडता के मार्ग पर चलकर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर समाज के गरीबों और वंचितों को ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्गदर्शन दिया । वहीं विशिष्ठ अतिथि एवम राष्ट्रीय महामंत्री कुल भास्कर अग्रहरि ने बताया की आज अग्रहरि समाज हर जगह और हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है आज अगर हमारा समाज संगठित होकर एकता के सूत्र में बंधा रहेगा तो किसी भी क्षेत्र में हार नहीं मिल सकती और हर जगह अग्रहरि समाज को स्थान जरूर मिलेगा ।


# शिकायतकर्ता का आरोप : भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधान को बचा रहे हैं जेई और सचिव

*विकास खण्ड इटवा के ग्राम सभा पकड़ी पठान का मामला*

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। इटवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पकड़ी पठान निवासी राजेंद्र कुमार यादव के द्वारा कुछ समय पहले ऑनलाइन आइ जी आर एस के माध्यम से ग्राम प्रधान का शिकायत किया गया था। कि ग्राम प्रधान द्वारा डीजे 36 नलकूप से जमील के खेत तक मनरेगा योजना से ठेके पर कार्य कराया जा रहा है। इस प्रकरण प्रकरण वीडियो सामने आने के बाद संबंधित सचिव से जांच कराया गया। सचिव ने अपनी जांच आख्या में अवगत कराया है कि डीजे 36 नलकूप से जमील के खेत तक का कार्य पूर्ण हो गया है। जबकि ग्राम सभा पकड़ी पठान के ही राजेंद्र कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि जेई सचिव द्वारा जांच कराया गया है। वह ग्राम प्रधान से पैसा लेकर गलत रिपोर्ट लगाकर आइ जी आर एस के माध्यम से हमारे पास सूचना भेज दिया गया है। जबकि जो ग्राम प्रधान द्वारा काम कराया गया है जो कि अधूरा पड़ा हुआ है ऐसे में ग्राम प्रधान द्वारा कई काम कराया गया है जिसमें भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा रहा है। ऐसे में सबसे अहम सवाल यह है कि भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधान पर जेई और सचिव की दरियादिली क्यों बनी हुई है। ऐसा लगता है कि जेई और





सचिव सुविधा शुल्क की दम पर ग्राम प्रधान को भ्रष्टाचार फैलाने की खुली छूट दे रखे हैं। लेकिन सबसे अफसोस की बात यह है कि ग्राम सभा के विकास कार्यों में जब भ्रष्टाचार के दीमक व्याप्त रहेंगे तो शासन के मंशानुरूप गांव का विकास हो पाना कैसे संभव हो सकता है। ग्राम वासी राजेंद्र कुमार यादव जिस तरह से अपने ग्राम सभा के ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगा रहा है। और जेई, सचिव की भ्रष्टाचार के प्रति अहम भूमिका को वयां कर रहा है यह वाकई में उच्च स्तरीय टीम द्वारा जांच का विषय है। लेकिन अब देखना है कि घोर भ्रष्टाचार के आगे ग्राम प्रधान जेई और सचिव की मनमानी कब तक चलती है और शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार यादव को कब न्याय मिल पाता है।

# महिला शक्ति का सेवा सप्ताह शिविर संपन्न।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति द्वारा सेवा सप्ताह का समापन समारोह शिवम् रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ ।अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने दीप प्रज्वलन करके सभा का प्रारंभ किया ।सर्वप्रथम सभी अधिकारियों के तिलक लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत किया गया । अधिकारियों में इटावा से फेडरेशन 5 की अध्यक्ष श्रीमती उषा यादव शिवराज सिंह सदस्य विशेष कमेटी श्रीमती आशा अवस्थी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर श्रीमती सौम्या चौहान एवं फेडरेशन अधिकारी श्रीमती वर्तिका जैन उपस्थित रही '

श्री मती वर्तिका जैन का समाज सेविका के रूप में सम्मान किया गया उनके द्वारा चलाये जा रहे माँ सुषमा सेवार्थ संस्थान के बारे में ग्रुप की महिलाओं को बताया गया

समापन समारोह में ग्रुप की अध्यापिकाओं श्रीमती निशा गुप्ता ,श्रीमती कल्पना राजोरिया ,श्रीमती निशा जैन ,श्रीमती सेलवी जी का तिलक और गिफ्ट देकर सम्मान किया गया प्रशासनिक निदेशिका प्राची अग्रवाल द्वारा 17 सितंबर से 23 सितंबर तक सेवा सप्ताह में किए गए कार्यों का विवरण दिया गया कन्या भ्रूण हत्या पर एक लघु नाटिका गुंजन दीपाली और तनु माथुर द्वारा प्रस्तुत की गई । एम ओ सी की भूमिका श्री मती मंजू सिंह एवं श्री मती रश्मि अग्रवाल ने निभाई ।वित्त निर्देशिका राखी बंसल ने सभा के अंत में आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया ।राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा हुई ,उसके बाद सभी ने जलपान ग्रहण कियाजायंट्स ग्रुप ऑफ फि रोजाबाद



महिला शक्ति द्वारा सेवा सप्ताह का समापन समारोह शिवम् रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ ।अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने दीप प्रज्वलन करके सभा का प्रारंभ किया ।सर्वप्रथम सभी अधिकारियों के तिलक लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत किया गया । अधिकारियों में इटावा से फेडरेशन 5 की अध्यक्ष श्रीमती उषा यादव शिवराज सिंह सदस्य विशेष कमेटी श्रीमती आशा अवस्थी जी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर श्रीमती सौम्या चौहान एवं फेडरेशन अधिकारी श्रीमती वर्तिका जैन उपस्थित रही '

श्री मती वर्तिका जैन का समाज सेविका के रूप में सम्मान किया गया उनके द्वारा चलाये जा रहे माँ सुषमा सेवार्थ संस्थान के बारे में ग्रुप की महिलाओं को बताया गया

समापन समारोह में ग्रुप की अध्यापिकाओं श्रीमती निशा गुप्ता ,श्रीमती कल्पना राजोरिया ,श्रीमती निशा जैन ,श्रीमती सेलवी जी का तिलक और गिफ्ट देकर सम्मान किया गया प्रशासनिक निदेशिका प्राची अग्रवाल द्वारा 17 सितंबर से 23 सितंबर तक सेवा सप्ताह में किए गए कार्यों का विवरण दिया गया कन्या भ्रूण हत्या पर एक लघु नाटिका गुंजन दीपाली और तनु माथुर द्वारा प्रस्तुत की गई । एम ओ सी की भूमिका श्री मती मंजू सिंह एवं श्री मती रश्मि अग्रवाल ने निभाई ।वित्त निर्देशिका राखी बंसल ने सभा के अंत में आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया ।राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा हुई ,उसके बाद सभी ने जलपान ग्रहण किया।

# राधानगर पुलिस व लकड़ी माफिया की मिलीभगत बनी चर्चा का विषय

*जय बीरू की जोड़ी बनी पुलिस व लकड़ी ठेकेदार की*

*विगत सप्ताह लकड़ी माफिया ने मलाका गांव में आम के कई हरे पेड़ों को किया था धराशाई*

*सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजदूरो व ठेकेदार को थाने ले जाकर छोड़ने का किया था कारनामा*

*खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार पर नाहक बनाया जा रहा दबाव, आधा सैकड़ा पेड़ों पर कभी भी चटक सकते हैं कुल्हाड़े*

*जेसीबी मशीन के सहारे हरे पेड़ों को उखाड़ने का क्षेत्रीय लोग लगा रहे आरोप*

*राधानगर थाना इंचार्ज को पत्रकार की शिकायत के तुरंत बाद ठेकेदार का आ गया था फोन*

*पेड़ों को ना काटने देने के लिए पत्रकार द्वारा किए जा रहे प्रयास की चहुओर हो रही प्रशंसा*

*राधानगर पुलिस और ठेकेदार की सांठ-गाँठ ना उजाड़ दे हरे भरे बाग-बगीचे को*

*वन विभाग की करतूत भी खूब बटोर रही सुर्खियां*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर। कहते हैं कि अगर पुलिस अपनी सख़्ती पर आ जाए तो छोटे से छोटा और बडे से बड़ा अपराध करने वाला अपनी पनाह मांग लेता है और उसकी जगह सिर्फ सलाखों के पीछे होती है, किंतु फतेहपुर जिले का एक थाना ऐसा भी है जहां पर नियम और कायदे कोई मायने नहीं रखते, यहां पर सिर्फ पैसा बोलता है। यह बात और कड़वी तब हो जाती है जब पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति का ही नाम उजागर कर दिया जाता है। राधानगर पुलिस अपने कर्तव्यों के प्रति कितनी निष्ठावान है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मलाका गांव में एक दबंग ठेकेदार द्वारा एक हरे भरे आम-महुआ के बगीचे को उजाड़ने का ऐसा कुचक्र रचा गया जिसकी पकड़ में सिर्फ पुलिस ही नहीं बल्कि वन विभाग भी शामिल नजर आता है। सूत्रों की माने तो गाजीपुर रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के ठीक सामने स्थित हरे-भरे आम-महुआ के करीब आधा सैकड़ा पेड़ों को काटने का ठेका एक दबंग व्यक्ति ले लेता है और उस बाग के करीब दस आम के पेड़ जेसीबी मशीन से गिरा कर रातों-रात लकड़ी भी गायब कर देता है। क्षेत्रीय लोगों ने जब इसकी सूचना राधा नगर पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने पेड़ काट रहे मजदूर एवं उसके ठेकेदार को उठा लिया, किन्तु सेटिंग गेटिंग होने के बाद मजदूरो व ठेकेदारों को बइज्जत रिहा भी कर दिया गया। इस मामले की जानकारी जब एक पत्रकार ने राधानगर थाना इंचार्ज से लेनी चाही तो उन्होंने इस मामले की जानकारी ना होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया, किंतु इसकी जानकारी संबंधित ठेकेदार को दे दी। संबंधित ठेकेदार इस पत्रकार को फोन कर दबाव में लेने का प्रयास भी करता है, किंतु ईमानदार छवि के पत्रकार ने किसी भी सूरत पर बाग ना उजाड़ने की बात कहते हुए फोन रख दिया। इसके बाद से लगातार उक्त ठेकेदार व उसके गुर्गो द्वारा पत्रकार पर खबर न प्रकाशित करने को लेकर जबरन दबाव बनाया जा रहा है। अब सोचने वाली बात यह है कि जब पुलिस को सूचना देने वाला व्यक्ति एवं खबर का संज्ञान लेने के लिए फोन करने वाला पत्रकार ठेकेदार के समक्ष उजागर कर दिया जाता है तो आम पब्लिक कितनी सुरक्षित है यह अपने आप में बड़ा सवाल है.... !

# श्री राम सूर्य मणि महा विद्यालय महुआ खुर्द मे छात्र/छात्राओं को टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किया गया

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह**

**स्मार्टफोन पाकर बच्चों के चेहरों पर खिला मुस्कान**

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर, श्री राम सूर्य मणि महा विद्यालय महुआ खुर्द मे छात्र/छात्राओ के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट एव स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने उपरांत उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे सरकार मे छात्र/छात्राओ को मोबाइल वितरण किया जा रहा पूर्व विधायक ने कहा मोबाइल से बेहतर जानकारी के साथ अच्छी पढाई कर सकते है ।उपस्थित लोगो को भनवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिध लवकुश ओझा ने भी संबोधित किया तथा महा विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि आए हुए सभी छात्र एवं छात्राओं अभिभावको मुख्य अतिथियों पत्रकार बंधुओ का विद्यालय परिवार के तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद देते है जो इस स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। वही प्रबंधक डॉक्टर कमलेश मिश्रा का कहना है कि आज इस महाविद्यालय महुआ खुर्द में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का समस्त अभिभावकों का समस्त छात्र/ छात्रों का स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में हार्दिक स्वागत



अभिनंदन वंदन करता हूं आज सरकार द्वारा चलाई गई स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में श्री राम सूर्यमणि महाविद्यालय महुआ खुर्द में 114 छात्र एवं छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किया गया स्मार्टफोन वितरण से हमारे छात्र एवं छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होगी जिस तरीका से कहा गया है कि कर लो दुनिया मुठ्ठी में इस प्रकार मोबाइल वितरण से हम एक क्लिक में इस पूरी दुनिया को देख सकते हैं प्रतियोगिता के परीक्षाओं के विषय में एवं उपयोगी चीजों के विषय में हम इस स्मार्टफोन से जान सकते हैं यह हमारे आधुनिक जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है इस सरकार को धन्यवाद देते हैं कि इस पिछड़े हुए क्षेत्र में स्मार्टफोन वितरण से काफी सहयोग प्राप्त हो रहा है संस्थापक ओमप्रकाश मिश्रा,प्राचार्य डाक्टर अजय कुमार मिश्रा,प्रबंधक कमलेश मिश्र,विनोद कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार त्रिपाठी, राजेश्वर त्रिपाठी,प्रधान संघ अध्यक्ष लाल जी शुक्ला,समाज सेवी सुखदेव मिश्रा,श्याम गोविन्द पाठक,अमित श्रीवास्तव,अर्चना मिश्रा, महेश चन्द,अरूणेश मिश्रा, जितेन्द्र पाण्डेय, अविनाश चतुर्वेदी, वेद प्रकाश मिश्रा, शिव कुमार वरूण सहित काफी संख्या मे छात्र/छात्राओ अभिभावक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिले की सबसे प्राचीन रामलीला महोत्सव में एक है किशनपुर की रामलीला

*तीसरी बार फिर हुए मेला कमेटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह*

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**

किशनपुर नगर पंचायत में हर वर्ष होने वाली रामलीला की आज बैठक किशनपुर के राम देवालय रामजानकी मन्दिर मे समपन्न हुई

आपको बता दें कि किशनपुर नगरपंचायत मे हर वर्ष की भांति होने वाली रामलीला की आज बैठक रामदेवालय के रामजानकी मन्दिर मे समपन्न हुई जिसमें भूतपूर्व रामलीला अध्यक्ष उत्तम सिंह व कमेटी के सभी कार्यकर्ता बैठक में पहुंचे बैठक में उपस्थित नये व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला भी मौजूद रहे बैठक के दौरान पिछले वर्ष का लेखा जोखा बताया गया कोषाध्यक्ष शुभम सिंह ने बताया कि आय की रकम कुल 5लाख 49 हजार 22 रु रही वहीं मेले मे खर्च होने वाली रकम को भी बताया जो कि 7 लाख 18 हजार 501 रु रही जिसमें कमेटी को 2 लाख 18 हजार का नुकसान सहना पड़ा लेकिन युवा दिलो की धडकन उत्तम सिंह 2 लाख 18 हजार अपने जेब से कमेटी का नुकसान भरकर सहयोग प्रदान किया

बैठक में आये सभी कार्यकर्ता व सभ्यांन्त व्यकियो ने उत्तम सिंह से पुनः अध्यक्ष बनने की अपील की जिस पर उत्तम सिंह ने सभी बडे बुजुर्गों की अपील को देखते हुए पुनः अध्यक्ष बनना स्वीकार किया उत्तम सिंह के स्वीकार करते हुए ही श्री फाल्गुन गिरि महराज के नाम के जयकारे लगने लगे बाबा के जयकारों से पूरा मन्दिर गूंज गया उसके बाद उत्तम सिंह व सभी ग्रामवासियों कार्यकर्ताओ के साथ श्री फाल्गुन गिरि बाबा के दरबार में जाकर पूजा अर्चना करके प्रसाद चढाकर बाबा का आशीर्वाद लिया

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला, भाजपा युवा मोर्चा विजयीपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष शुभम सिंह, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अमन सिंह, राजा अग्रवाल, विकास सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह, सुजीत अग्रवाल, कमलेश शुक्ला, संदीप सिंह, शालू यादव, सुमित सिंह, के साथ नगर के सभी लोग मौजूद रहे

# यूट्यूब पर 1 मिलियन सब्सक्राइबर होने पर भंडारा का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के छोटे से गांव का रहने वाला एक युवा ने यू ट्यूब चैनल में एक मिलियन सब्सक्राइबर होने पर भंडारे का आयोजन कराया। जहां मुख्य चौराहे से गुजरने वाले लोगों ने भंडारा का लुप्त उठाया। यह युवा यू ट्यूब में यू ट्यूब वाले बाबा के नाम से मशहूर है जिसने टेक चैंपियन सपोर्ट के नाम से अपना यू ट्यूब चैनल बनाया है और विगत दो वर्षों में इस यू ट्यूब चैनल के माध्यम से लाखों रुपए अब तक कमा चुका है। इससे पहले भी टेक चैंपियन के नाम से यू ट्यूब चैनल बना चुका जिससे उसने करोड़ों रुपए कमाए हैं । यू ट्यूब वाले बाबा बने अंशु ने यू ट्यूब चैनल के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और युवाओं को ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से पैसा कमाने का तरीका बताता है। अंशू के मुताबिक लोग काफी मेहनत करने के बावजूद भी दस,बीस हजार कमाते हैं लेकिन ऑनलाइन वीडियो यह एक ऐसा जरिया है की युवा कम समय में लाखों रुपए कमा सकते हैं ।

# डीएम आवास का घेराव करने पर मुकदमा दर्ज

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले की पुलिस ने डीएम आवास घेराव के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्यवाई करते हुए जिला पंचायत सदस्य सहित 5 नामजद और 40 से 50 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाई में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक 24 सितंबर की सुबह गुमशुदा हुए प्रदीप सिंह चौहान की बरामदगी को लेकर नामजद अभियुक्तों ने परिजनो को बरगलाकर लेकर डीएम आवास पहुंचे थे और जमकर नारेबाजी थी साथ ही यातायात को प्रभावित करते हुए अराजकता फैलाई थी। जिसके तहत आईपीसी की कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के रक्षपालपुर नहर में एक अज्ञात ब्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाहियो में जुट गयी।



खखरेरू थाना अंतर्गत रक्षपालपुर नहर में एक अज्ञात ब्यक्ति उम्र लगभग 36 वर्ष का तैरता हुआ मिलने से क्षेत्र में पेट्रोल में आग की तरह सनसनी फैल गयी। बताया जाता है कि दिनांक 26 सितम्बर को रक्षपालपुर नहर में तैरता हुआ शव पर जैसे ही ग्रामीणों की पड़ी तो देखते ही देखते देखने वालो का तांता लग गया। और लोगों ने शिनाख्त किया। लेकिन किसी को कोई सुराग न लगने पर पुलिस को सूचित कर दिया।वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गयी। और इन्होंने बताया कि मृतक का शव कई दिन पुराना लग रहा।जिसके कारण बाड़ी फूली हुई है। और जिसके शरीर पर हरे रंग गोल गले की हाफ शर्ट पहने हुए है ।फुल साइज का लोवर काले रंग का पहने हुए है ।जिस पर सफेद मटमैला पट्टी पड़ी है ।तथा इन्होंने बताया कि पैरों में प्लास्टिक सैंडल पहने हुए है। और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाहियां शुरू कर दी गई है।

# कुम्भकरण की नींद में सो रहे तहसील के अधिकारी

*रात के अंधेरे में डंपरों से पाटा जा रहा तालाब*

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेयी**

खागा। सुखदेव इंटर कॉलेज के पीछे रात के अंधेरे में हैवी मशीनों की सहायता से तालाब को पाटने का काम शुरू हो गया है। प्रशासन मामले से अनजान है। मंगलवार को प्रशासन ने मामले में कोई भी संजीदगी नही दिखाई गई है। जानकारी के लिए बता दूं कि उक्त तालाब की पुराई दिन में न कराकर रात के अंधेरे में खेल किया जा रहा है। सबसे अहम बात तो है कि मिट्टी लदी गाड़ियों को तालाब तक किसी गली से न भेजकर एक कालेज के अंदर से भेजा जा रहा है। प्रशासन ने मामले में ये जानना भी उचित नही समझा कि आखिर ये अवैध मिट्टी आ कहां से रही



है। बात ये भी है कि प्रशासन हकीकत जाने भी क्यों? कस्बे में जोर शोर से चर्चा का विषय है कि प्रशासन के सेटिंग -गेटिंग के चलते कोई कार्रवाई नही की जा रही है। वहीं अवैध मिट्टी खनन व तालाब पुराई के मामले में चेयरमैन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारे संज्ञान में ऐसी कोई बात नही थी। अगर ऐसा किया जा रहा है तो इसके लिए हम प्रशासन को पत्र लिखकर सम्पूर्ण जानकारी इकट्ठा करेंगे अगर अवैध पाया गया तो कार्रवाई की मांग करेंगे। वहीं मामले में एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य से बात करने का प्रयास किया गया तो व्यस्त होने के चलते साहब से बात नही हो पाई।

